बागेश्वर धाम एवं मेहंदीपुर बालाजी के चरणों में समर्पित

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# संस्कार उजाला

सच की हुंकार

sanskarujala@gmail.com

संस्थापक स्व० सुखराम शर्मा एवम शिवकुमार शर्मा, श्री प्रकाशवीर

सच की हुंकार



संस्थापक
स्व. श्री आर. के. शर्मा

गाजियाबाद से प्रकाशित, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, हरियाणा, सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, हापुड, बुलंदशहर, मथुरा आगरा, इटावा, कानपुर एंव लखनऊ से प्रसारित

वर्ष : 12 अंक : 174 | मंगलवार 15 अक्टूबर 2024, गाजियाबाद | RNI No-UPHIN / 2013 / 50466 | पेज: 8 मूल्य : 2 रुपया

### [सुविचार]

जिनकी कामयाबी नहीं रोकी जा सकती, उनकी बदनामी शुरू की जाती है।

### संक्षिप्त समाचार

## मुंह के कैंसर के सबसे अधिक मामले भारत में

नई दिल्ली। दक्षिण एशियाई देशों में मुंह के कैंसर के सबसे अधिक मामले भारत में दर्ज किए जा रहे हैं। यह खुलासा हुआ है एक हालिया अध्ययन में। इसका प्रमुख कारण बिना धुएं वाले तंबाकू उत्पादों और सुपारी का बढ़ता उपयोग है। 2022 में विश्वभर में 1,20,200 ओरल कैंसर के मामलों में से 83,400 मामले अकेले भारत में पाए गए। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि तंबाकू युक्त पान मसाला, गुटखा, खैनी और सुपारी के सेवन से मुंह का कैंसर तेजी से फैल रहा है। अध्ययन के अनुसार, महिलाओं में मुख कैंसर के 30प्रतिशत मामले सुपारी के सेवन से, जबकि 28 प्रतिशत मामले तंबाकू वाले पान मसाले से जुड़े पाए गए। वहीं, गुटखा और खैनी के कारण क्रमश: 21प्रतिशत और 21प्रतिशत मामले सामने आए। पुरुषों में खैनी के सेवन से 47प्रतिशत और गुटखा के सेवन से 43प्रतिशत मामले दर्ज किए गए, इसके बाद तंबाकू वाले पान मसाले (33प्रतिशत) और सुपारी (32प्रतिशत) का नंबर आता है। विशेषज्ञों का कहना है कि बिना धुएं वाले तंबाकू और सुपारी के सेवन से स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ते हैं, जिनमें मुंह का कैंसर प्रमुख है। दुनियाभर में 1,20,200 से अधिक ओरल कैंसर के मामले ऐसे थे जो बिना धुएं वाले तंबाकू और सुपारी के सेवन से हो सकते थे।

## इंडिगो के दो विमानों को बम से उड़ाने की मिली धमकी, जांच शुरू

मुंबई। एयर इंडिया के बाद अब इंडिगो की दो फ्लाइट्स को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इन फ्लाइट्स की सुरक्षा जांच शुरू की गई है। पहली फ्लाइट मुंबई से जेद्दा जा रही थी, जिसका नंबर 6श्व56 है इसको बम से उड़ने की धमकी मिली। वहीं, दूसरी मुंबई से मस्कट जा रही फ्लाइट नंबर 6श्व1275 को भी धमकी दी गई है। दोनों फ्लाइट्स की सुरक्षा जांच शुरू कर दी गई है। वहीं इंडिगो प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए कहा है कि मुंबई से मस्कट जाने वाली फ्लाइट 6श्व 1275 को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। प्रोटोकॉल के मुताबिक फ्लाइट को एक अलग खाड़ी में ले जाया गया, और मानक संचालन प्रक्रिया का पालन करते हुए, अनिवार्य सुरक्षा जांच तुरंत शुरू की गई है। आगे इंडिगो प्रवक्ता ने कहा कि मुंबई से जेद्दा जा रही इंडिगो की दूसरी फ्लाइट नंबर 6श्व 56 को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली है। प्रोटोकॉल के मुताबिक विमान को एक अलग जगह पर ले जाया गया और सुरक्षा जांच शुरू की गई। इससे पहले सुबह एयर इंडिया के एक फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है, जिसकी दिल्ली एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिग कराई गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इंडिगो का एक विमान को उड़ान भरने की अनुमति दे दी गई है। जल्द ही दोनों विमानों को उड़ान भरने की अनुमति मिल जाएगी। जानकारी में बताया कि तीन विमानों को बम की धमकी मिली थी।

# प्रवासी श्रमिकों द्वारा भेजे जाने वाले धन में लगने वाला समय और लागत कम किया जाना चाहिय: जयराम रमेश



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने कहा कि प्रवासी मजदूरों को एक राज्य से दूसरे राज्य में अपने परिवारों को पैसा भेजने में लगने वाले समय और लागत में कमी लाने पर ध्यान दिया जाना चाहिए। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने विदेशों से पैसा भेजने में समय और लागत कम करने के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास के बयान का स्वागत करते हुए यह बात कही। रमेश ने कहा, ''आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बहुत सही तरीके से धन प्रेषण की लागत और समय कम करने पर जोर दिया है। विदेशों में रहने वाले भारतीयों से हमारी अर्थव्यवस्था में इस वर्ष लगभग 124 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश होगा, जिससे वे सेवा निर्यात के बाद बाह्य वित्तपोषण का दूसरा सबसे बड़ा स्रोत बन जाएंगे।''

कांग्रेस नेता ने 'एक्स' पर लिखा, ''उसी समय यह भी याद किया जाना चाहिए कि 10 भारतीयों में से तीन किसी न किसी प्रकार से आंतरिक प्रवासी हैं। इसलिए आंतरिक प्रेषण के समय और लागत को कम करने पर मुख्य रूप से ध्यान दिया जाना चाहिए जो एक राज्य में काम करने वाले प्रवासी मजदूरों द्वारा अपनी बचत की रकम को दूसरे राज्यों में रह रहे अपने परिवारों को भेजना शामिल है।'' उन्होंने कहा कि दुख की बात है कि आंतरिक प्रेषण पर सही तरीके से आंकड़े नहीं जुटाए गए। रमेश ने कहा कि कुछ साक्ष्यों से पता चलता है कि इस तरह के अंतरराज्यीय प्रेषण विदेश से प्रेषित इस तरह के धन का दसवां हिस्सा हो सकते हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि कुछ वर्ष पहले किए गए एक अध्ययन में अनुमान लगाया गया था कि केरल से अन्य राज्यों को भेजी जाने वाली धनराशि, दक्षिणी राज्य को अन्य देशों से प्राप्त होने वाली धनराशि का लगभग एक तिहाई है। उन्होंने कहा कि ऐसी आय का आधे से भी कम हिस्सा औपचारिक संस्थागत चैनलों के माध्यम से प्राप्त होता है। दास ने सोमवार को विदेश भेजे जाने वाले धन में लगने वाले समय और लागत को कम करने की वकालत की, जो भारत सहित विभिन्न विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए महत्वपूर्ण है। अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) द्वारा जारी विश्व प्रवासन रिपोर्ट 2024 के अनुसार, पिछले वर्ष भारत का धन प्रेषण अन्य सभी देशों से बढ़कर 111 अरब डॉलर हो गया। बैंक ऑफ इंग्लैंड के अनुमान के अनुसार, वैश्विक सीमा पार भुगतान का मूल्य 2027 तक 250 लाख करोड़ डॉलर से अधिक होने का अनुमान है। दास ने कहा कि सीमा पार श्रमिकों द्वारा भेजे जाने वाले धन की महत्वपूर्ण मात्रा, पूंजी के सकल प्रवाह का बढ़ता आकार और सीमा पार ई-कॉमर्स के बढ़ते महत्व ने इस वृद्धि में उत्प्रेरक का काम किया है।

दैनिक संस्कार उजाला
न्यूज एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें



संस्कार उजाला समाचार पत्र में रिपोर्टर, ब्यूरोचीफ, मार्केटिंग करने वालों लोगों की जरुरत है। तुरंत संपर्क करे।

महेश शर्मा
प्रबंध संपादक
मो.नं:-9911733939




# जयशंकर होंगे एससीओ बैठक में शामिल, क्या कहता है पाकिस्तान मीडिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) बैठक में भाग लेने के लिए पाकिस्तान जा रहे हैं। बैठक 15-16 अक्टूबर को पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में होने वाली है। दशक बाद भारतीय विदेश मंत्री का यह पहला पाकिस्तान दौरा है जिसे लेकर पाकिस्तान मीडिया में कई खबरें चल रही हैं। वहां की मीडिया में कहा जा रहा है भारतीय विदेश मंत्री का पाकिस्तान आने का फैसला क्षेत्रीय देशों के साथ संबंधों को बढ़ावा देते हुए चीन के बढ़ते प्रभुत्व को संतुलित करने का एक प्रयास है।

पाकिस्तान के एक प्रमुख अखबार ने हाल ही में विदेश मंत्री के पाकिस्तान दौरे को लेकर दो अलग-अलग खबरें प्रकाशित की। एक खबर में विदेश मंत्रालय का बयान है जिसमें विदेश मंत्री के 15 अक्टूबर को पाकिस्तान जाने की पुष्टि की गई थी। अखबार ने लिखा कि भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि 15-16 अक्टूबर के बीच होने वाले एससीओ शिखर सम्मेलन के लिए भारत के विदेश मंत्री एक प्रतिनिधिमंडल के साथ पाकिस्तान का दौरा करेंगे।

अखबार ने लिखा कि करीब एक दशक में किसी भारतीय विदेश मंत्री का यह पहला विदेश दौरा है। पिछले साल मई में पाकिस्तान के तत्कालीन विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो एससीओ विदेश मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक में हिस्सा लेने भारत आए थे। करीब 12 सालों में भारत का दौरा करने वाले वह पहले पाकिस्तानी विदेश मंत्री थे।

रिपोर्ट में कहा गया है कि एससीओ बैठक में भारत का शामिल होना एक नाजुक संतुलन बनाने की कोशिश है जो दिखाता है कि संगठन के अंदर चीन के बढ़ते प्रभाव को लेकर भारत सतर्क है और इसके खिलाफ क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग की जरूरत को समझता है। एससीओ की आर्थिक रणनीतियों में चुनिंदा रूप से शामिल होकर, भारत एक सूक्ष्म दृष्टिकोण अपना रहा है। इसका मकसद मध्य एशियाई देशों के साथ रचनात्मक संबंधों को बढ़ावा देते हुए चीनी प्रभुत्व को संतुलित करना है।

अखबार ने आगे लिखा कि पाकिस्तान में आयोजित बैठकों में हिस्सा लेने को लेकर भारत में हमेशा से एक हिचकचाहट रही है। ये नवंबर 2016 में 19वें सार्क शिखर सम्मेलन के बहिष्कार से शुरू हुई जिसकी मेजबानी पाकिस्तान को करनी थी। बहिष्कार के कारण गतिरोध पैदा हो गया, जिससे बैठक नहीं हो पाई क्योंकि सार्क चार्टर में यह अनिवार्य है कि शिखर सम्मेलन के लिए सभी सदस्य देशों का मौजूद होना जरूरी है। इसके विपरीत, एससीओ में ऐसा कोई प्रतिबंध नहीं है।

अखबार ने दूसरी खबर में विदेश मंत्री का शनिवार को दिया गया बयान छापा है जिसमें उन्होंने कहा कि पाकिस्तान दौरे में वह द्विपक्षीय रिश्तों पर कोई चर्चा नहीं करेंगे। जयशंकर ने नई दिल्ली में कहा कि संबंधों की प्रकृति को देखते हुए मीडिया की इसमें काफी रुचि होगी। जयशंकर ने कहा कि लेकिन मैं यह जरूर कहना चाहता हूं कि यह एक बहुपक्षीय कार्यक्रम होगा। मैं वहां भारत-पाकिस्तान संबंधों पर चर्चा करने नहीं जा रहा हूं। मैं वहां एससीओ का एक अच्छा सदस्य बनने जा रहा हूं। मैं एक विनम्र और सभ्य इंसान हूं और पाकिस्तान में वैसा ही व्यवहार करूंगा।



रिपोर्ट में कहा गया कि विदेश मंत्री पाकिस्तान आने का फैसला कर ये संकेत दे रहे हैं कि हम एससीओ को कम नहीं आंक रहें...जब तय हुआ कि बैठक पाकिस्तान में होगी तो हम इसमें हिस्सा लेंगे। जब बिलावल भुट्टो गए थे भारत, उन्होंने कश्मीर पर बात की थी, जयशंकर ने आतंकवाद का मुद्दा उठाया था, तब मीडिया को बड़ा मसाला मिला था। इस बार जयशंकर के पाकिस्तान आने से भी ऐसा ही होने वाला है।

# महापंचायत में मेडिकल सेवाएं उपलब्ध कराने पहुंचे डॉक्टर बीपी त्यागी को पुलिस प्रशासन ने रोका





डसना देवी मंदिर पर बवाल को देखते हुए डॉक्टर बृजपाल त्यागी इंसानियत के नाते एंबुलेंस लेकर मौके पर पहुंचे पुलिस प्रशासन ने डॉक्टर बृजपाल त्यागी एम्बुलेंस ले जाने से रोका बताते चलें रविवार को डासना देवी मंदिर में मेडिकल सेवाएं देने जा रहे वरिष्ठ चिकित्सक को पुलिस ने रोका पुलिस बोली बिना पूर्व अनुमति के किसी को जाने का आदेश नहीं वरिष्ठ चिकित्सक बोले उच्चाधिकारियों को पहले ही कर दिया था सूचित गाजियाबाद डासना स्थित देवी मंदिर में हिंदू समाज की 36 बिरादरियों की महापंचायत बुलाई गई थी। जिसकी वजह से पूरे शहर में माहौल गरम रहा। महापंचायत के बलते मुरचा के भी भारी इंतजाम किए गए थे। इस बीच वरिष्ठ चिकित्सक डॉ बीपी त्यागी भी सेवाएं देने के लिए वहां पहुंचना चाहते थे। लेकिन पुलिस बाल ने उन्हें वहां जाने से रोक लिया। उनकी एंबुलेंस को पुलिस ने मौके पर नहीं पहुंचने दिया। आखिरकार डॉ बीपी त्यागी दवाइयों से भरा बक्सा सर पर रखकर जाने लगे तो पुलिस ने रोक लिया। पुलिस का कहना था कि यहां पूर्व अनुमति के किसी का भी जाना मना है ।वहीं डॉ बीपी त्यागी ने कहा कि पुलिस उस्माधिकारियों को यह पहले ही काट्स ऐप के माध्यम से सूचित कर चुके थे। उन्होंने मेडिकल सेवाएं रोकने के लिए पुलिस पर टांग अड़ाने के आरोप लगाए। इस दौरान काफी गहमा गहमी देखने को मिली।

# 13 अक्टूबर 2024 को सुकाई कप आल इंडिया कराटे चैंपियनशिप एस जी पब्लिक स्कूल सेक्टर 15 वसुंधरा मे आयोजित

☛गाजियाबाद में हुआ था। इस चैंपियनशिप के ऑर्गनाइजर पुष्पेन्द्र सिंह रावत थे ।

संस्कार उजाला
**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**
पुष्पेन्रसिंह रावत ने बताया कि इस टूनार्मेंट में नैनीताल ,उत्तराखंड हरियाणा ,पंजाब ,मध्यप्रदेश, दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश, झारखंड आदि राज्यों से लगभग 275 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया जिसमें हमारी यूपी की टीम सर्व प्रथम आई है । यूपी के कोच एवं युवान कराटे स्कूल के अध्यक्ष कृष्ण रावत को बेस्ट टीम अवार्ड मिला युवान कराटे स्कूल के 50 खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें गोल्ड मैडल राबिया आलम, पार्थ गुलाटी। अभ्यान गुप्ता आर्यन त्यागी, जीविका गुप्ता , दिव्यांशु सोलंकी। आदि हैं। वहीं सिल्वर मेडल जीतने वालों मयंक गौतम गौतम गौतम शौर्य कुमार पाल, करन ठाकुर, उन्नति गुप्ता, पार्थ त्यागी, शुभ चौधरी आदि है। ग्राउंज मेडल जीतने वाले आरव गुप्ता, क्यान ताडियाल, आदि हैं। इस अवसर पर सीआईएसएफ के डीआईजी श्रीमती पद्मा तमांग एवं दिल्ली हाई कोर्ट के सीनियर वकील एवं काउंसलर अमन उस्मान जी ने सभी विजेता खिलाड़ी को मेडल पहनाकर। उनका मान सम्मान किया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।




कार्यालयः— ग्राम पंचायत फाकरपुर म0 विकास खण्ड म0बाद (सहारनपुर) ।

पत्रांकः— मीमो / ग्राम पंचायत / निविदा / 2024—25 दिनांक 15 / 10 / 2024

—: अल्पकालीन निविदा सूचना :—

समस्त शासकीय पंजीकृत निर्माण ठकेदारों को सचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत फाकरपुर म0 विकास खण्ड म0बाद में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज टू ओ0 डी0एफ0 प्लस योजनान्तर्गत एस0बी0एम0—जी0 / 15वॉं वित्त आयोग मद मे प्राप्त धन राशि से निम्न कार्य कराये जाने प्रस्तावित हैं, जिसके लिय अल्पकालीन निविदायें दिनांक 17—10—2024 की अपरान्ह 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र दिनांक 17—10—2023 की अपरान्ह 1.00 बजे तक निर्धारित शुल्क कायालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। सम्बन्धित निविदादाता को निविदा के साथ कार्य की अनुमानित जमाकर इस लागत के 2 प्रतिशत की दर से जमानत राशि एफ0डी0आर0, जो ग्राम पंचायत अधिकारी फाकरपुर म0 के नाम बन्धक हो, के रूप में जमा करानी होगी। कार्यो के नियम एवं शर्ते इस कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में आकर देखी जा सकती हैं। प्राप्त निविदाएं दिनांक 22—10—2024 को अपरान्ह 4.00 बजे उक्त कार्य हेतु गठित समिति के समक्ष खोली जायेंगी। अधोहस्ताक्षरी को बिना कोई कारण दर्शाए किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

| क0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य की माप | योजना का नाम | अनुमानित लागत | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य+जी0एस0टी0 | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत फाकरपुर म0 मे आई0एस0डब्लू0एम0सी0 के अन्तर्गत आर0आर0सी0 का निर्माण कार्य। | 1 संख्या | स्व0भा0मि0 | 2.7 | 6000 | 300+54 | दो माह |
| 2 | ग्राम पंचायत फाकरपुर म0 मे आई0एस0डब्लू0एम0सी0 के अन्तर्गत का वर्मी कम्पोस्ट निर्माण कार्य। | 4 संख्या | स्व0भा0मि0 | 1.50 | 3000 | 300+54 | दो माह |
| 3 | ग्राम पंचायत फाकरपुर म0 मे स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत फिल्टर चैम्बर का कार्य। | 2 संख्या | स्व0भा0मि0 / के0वि0 | 0.90 | 2000 | 300+54 | दो माह |
| 4 | ग्राम पंचायत फाकरपुर म0 मे स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत सिल्ट चैम्बर का कार्य। | 10 संख्या | स्व0भा0मि0 / के0वि0 | 0.80 | 1000 | 300+54 | दो माह |
| 5 | ग्राम पंचायत फाकरपुर म0 मे स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत कचरा पात्र का कार्य। | 2 संख्या | स्व0भा0मि0 / के0वि0 | 0.36 | 500 | 300+54 | दो माह |
| 6 | गम पंचायत फाकरपुर म0 मे आईएस0डब्लूएम0सी0 के अन्तर्गत सामदायिक / व्यक्तिगत / हैण्डपम्प शोक पिट निर्माण कार्य। | 9 संख्या | स्व0भा0मि0 / के0वि0 / मनरेगा | 1.10 | 2500 | 300+54 | दो माह |
| 7 | ग्राम पंचायत फाकरपुर म0 मे स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत व्यक्तिगत लिच पिट का निर्माण कार्य। | 2 संख्या | स्व0भा0मि0 / के0वि0 | 0.15 | 2000 | 200+36 | दो माह |
| 8 | ग्राम पचायत फाकरपुर म0 गे रवच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत सामदायिक लिच पिट का निर्माण कार्य। | 1 संख्या | स्व0भा0मि0 / के0वि0 | 0.25 | 1000 | 200+36 | दो माह |
| 9 | ग्राम पंचायत फाकरपुर म0 मे स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत सामदायिक / व्यक्तिगत खाद गड्ढा का निर्माण काय। | 15 संख्या | स्व0भा0मि0 / के0वि0 | 0.90 | 2000 | 300+54 | दो माह |


नियम व शर्ते

1. निविदा आवटन के बाद निविदा नामित ठेकेदार को अनुमानित लागत की 8 प्रतिशत की धरोहर राशि जो ग्राम पंचायत फाकरपुर म0 के नाम बधक के रूप मे जाम करानी होगी ।
2.यह धरोहर राशि कार्य पूरा हो जाने पर 1 वष के बाद निर्गत की जायेगी ।
3. इस समय के दोरान यदि कार्य मे कमी पाइ जाती है तो उस कार्य का ठेकेदार का स्वय के खचे पर सही कराना होगा व इस काय के लिए विभाग या ग्राम पंचायत स कोइ राशि देय नही होगी
4.उक्त काय के मदो को घटाया या बढाया भी जा सकता है

ग्राम प्रधान
फाकरपुर म0

ग्राम पंचायत अधिकारी
फाकरपुर म0

# रामलीला का बदलता स्वरूप समाज के लिए खतरा



विनोद कुमार सिंह

**एक बार और अब रामलीला की जगह लालाओं की लीला काफी हद तक हावी हो गई। रामलीला का बदलता स्वरूप समाज व संस्कृति नकुशान कर रही है। एक स्वस्थ्य समाज व हमारे सम्भयता व संस्कृति के लिए खतरे की घंटी है।**

आप में सें यहाँ कोई राम है?
दिल्लीवासियों का सम्बन्ध राम लीलाओं से काफी ही पुराना है। जिसका जीता जागता उदाहरण दिल्ली का ऐतिहासिक। रामलीला मैदान है। जिसके जुड़ी हुई कुछ किस्से आज भी सुनने को मिलती रहती है। पिछले दिनों दिल्ली व एन सी आर राम भक्तों व रामलीलाओं मंचन व जयश्री राम व हर हर महादेव के नारे से पुरा वातावरण गुंजायमान हो रहा था। दिल्ली व एन सी आर वाले शाम होते हीअपने परिवार के सदस्यो के संग रामलीला का आनंद लेने घर से निकल पड़ते थे। मुझे भी कुछ रामलीलाओं को अवलोकन का सुअवसर मिला। इस दौरान मुझे एक जिज्ञासु व दर्शक की पैनी नजर से रामायण के कई पात्रओ के बारे में बारीकी से जानने का अवसर मिला। रामलीलाओं स्थलों व मंचों के कई क्षण व दृश्य ऐसे आयें जिसने मुझे ना प्रभावित किया बल्कि कुछ सोचने को मजबूर कर दिया। इन में दो उल्लेखनीय पहलू है। रामलीला कर राम -रावण युद्ध का प्रसंग। आप को बता दें राम - रावण का युद्ध काफी ही शिक्षाप्रद व रोचक है। आज रामलीलाओं में मर चुका है रावण का शरीर,सुनसान है किले का परकोटा,चारो दिशाओं में उदासी पसरी है,किसी के घर में नही जल रहा दीया। विभीषण के घर छोड़ कर सागर के तट पर बैठ है विजय श्री राम। विभीषण को लंका का राज्य पाठ सौंपते हुए ताकि सुबह हो सके निर्विघ्न राज्याभिषेक,स्वयं राम लक्ष्मण से पुछते अपने सहयोगियों के कुशल क्षेम,चरणो में हनुमान बैठे। लक्ष्मण मन से क्षुब्द है। भ्राताश्री राम सीता माता को अशोक बाटिका मे क्यों नही लेने जाते है।

विभीषण का राज्याभिषेक हो गया है। लंका में राम प्रवेश कर एक भव्य भवन पहुंच गये है। हनुमान को अशोक वाटिका में संदेश देने भेजते है कि रावण मारा गया है और अब विभीषण लंकापति है। हनुमान का यह संदेश सुनकर माँसीता खामोश है,निहारती है उस रास्ते को। उनके मन में प्रश्न उठते है कि रावण का वध करते ही वनवासी राम,राजा राम बन गये क्या। लंका पहुंच कर वे क्यूं नही जानना चाहते है,एक वर्ष कहाँ रही सीता,कैसे रही उनकी सीता। मॉ सीता के नयनों से अविरल बहते हए अश्रुधार। ना राम भक्त हनुमान नही समझ पाते, ना रामायण के रचयिता बाल्मिकी कह नही पाते है। माँ सीता आज सोचती है कि अगर राम आते मै उन्हें यहाँ के परिचायिकाओं से, जिन्होने रावण के आदेश पर मुझे भयभीत तो किया,लेकिन नारी के पूर्ण गरिमा प्रदान की,वे रावण की अनुचरी थी लेकिन मेरे लिए माताओं के समान थी। अगर स्वयं राम आते यहाँ मै उन्हें इसे मिलवाते,यहाँ के अशोक के वृक्षों से जिन्होंने मुझे अपने विश्वास पर अड़े की आपर शक्ति देती रही,यहाँ की पुष्प व लताओं से जिन्होनें उनकी सीता कीआँसुओं को ओंस के कणों की तरह सहेज कर रखा। लेकिन वे अब तो वे राजा राम है कैसे आते अपनी सीता को लेने के लिए। देखते देखते कई पहर बीत गए,लंकापति विभीषण के नेतृत्व में माता सीता जी का श्रंगार की गई। भव्य पालकी मे बैठी हुई माँ सीता आज मन मन सोच रही है कि राजा जनक जी ने उन्हें इसी तरह से घर से विदा किया था। तभी वातावरण में स्वर गुंजता है कि सीता को मेरे पास पैदलआने दो। भुमि सुता माँ सीता जमीन पर कॉपती हुई चलते मन में ज्वलंत प्रशन उठते है कि मैंने स्वयंवर में जिसका वरण किया था क्या ये वही है यह पुरुष,जिसके प्रेम में अयोध्या का महल छोड़ कर उनके संग वन वन भटकी थी। हॉ रावण नें गोद मे उठाया था। मुझसे क्या था प्रणय निवेदन वह स्वयं में राजा था,चाहता तो बल पूवर्क ले जाता राजमहल में,लैकिन उसने मेरे स्त्रीत्व का अपमान कभी नही किया। रावण के विषय में सही जानकारी से आज बहुत लोग अपरिचित है। रावण कौन था,क्या रामायण का एक पात्र मात्र था आपके मन में भी कुछ ऐसे सवाल होंगे तो मै बता दूँ कि रावण एक महाज्ञानी,महा पराक्रमी और महाबलशाली था। रावण चारों वेदों का जानकार था। वह धरती पर मौजूद सबसे बुद्धिमान व्यक्तियों में से एक था। हालांकि उसके अहंकार के कारण उसका अंत हुआ। रावण भगवान शिव का परम भक्त था और उसे यह वरदान था कि कोई भी देवी-देवता का उसका अंत नहीं सकता। यही कारण है कि रावण का वध करने के लिए भगवान विष्णु को मानव रूप में अवतार लेना पड़ा। भगवान विष्णु के अवतार भगवान श्रीराम ने रावण की नाभि में तीर मारकर उसका अंत किया। रावण के अंत से पहले भगवान श्रीराम और रावण की सेना के बीच कई दिनों तक युद्ध चला। धर्म और अधर्म के बीच हुआ यह युद्ध कितने दिनों तक चला,इस बार में बहुत कम लोगों को जानकारी है।

वाल्मीकि रामायण के अनुसार भगवान श्रीराम और रावण की सेना के बीच 84 दिनों तक युद्ध लड़ा गया। युद्ध में सफलता के लिए स्वयं भगवान श्रीराम ने शक्ति की उपासना की थी। जिसके बाद लगातार 9दिनों तक युद्ध के बाद दसवें दिन रावण का अंत कर दिया। इसलिए हिन्दू धर्म में नौ दिनों तक शक्ति की उपासना की जाती है और दसवें दिन दशहरा मनाया जाता है। रामायण के अनुसार भगवान श्रीराम और रावण के बीच लगातार 8 दिनों सीधे युद्ध हुआ था। अश्विन शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को दोनों के बीच शुरू हुआ संग्राम दशमी को रावण वध के साथ समाप्त हुआ। रावण का अंत करने के बाद भगवान श्रीराम को वापस अयोध्या पहुंचने में करीब 20 दिन लगे थे। शास्त्रों के अनुसार रावण की सेना में करोड़ो लोग थे,बावजूद इसके भगवान श्रीराम और उनकी वानर सेना ने बहुत पराक्रम के साथ युद्ध किया और श्रीराम ने रावण का अंत कर दिया। सिर्फ रावण ही नहीं बल्कि उसकी सेना में ऐसे कई पराक्रमी योद्धा थे,जिन्हें किसी मनुष्य के लिए हराना असंभव था। इसलिए भगवान विष्णु के अवतार के साथ-साथ भगवान शिव और अन्य देवताओं ने भी अवतार लिए थें। श्रीराम-रावण के युद्ध में रावण के चार भाइयों कुम्भकर्ण,खर,दूषण और अहिरावण ने हिस्सा लिया था। इनमें से अहिरावण का अंत हनुमानजी ने किया था जबकि बाकी तीन भाइयों का अंत श्रीराम के हाथों हुआ। युद्ध में रावण के सात शूरवीर पुत्र भी उतरे थे। इनमें से मेघनाद, प्रहस्त और अतिकाय का अंत लक्ष्मणजी ने किया जबकि नरान्तक, देवान्तक और अक्षय कुमार का अंत हनुमान के हाथों हुआ। रावण के एक पुत्र त्रिशिरा का अंत श्रीराम के हाथों हुआ। आगे की कथा आप सभी स्वयं जानते है-स्वयं सीता को अग्नि परीक्षा तक देने पड़ी राम,सीता व लक्ष्मण अयोध्या लौटे,नगर वासियों नें दिवाली मनाई थी। आप सभी भी दिवाली मनाने की तैयारी में जुट गए होगें। मै उदास हूँ,कुछ सोचने को मजबुर हो गया हूँ दशहरे की रात से। देश की राजधानी में रामलीला मंचन व मंच से लेकर रावण को जलाने के जशन में समाज की जानी हस्तियों ने ना सिर्फ शिरकत की बल्कि अपने को गौरवान्वित महसुस कर रहें। आज जिसने भी जलाई है क्या उसमें से किसी में मयार्दा पुरुषोत्तम राम के गुण थें क्या। चाहे वे केन्द्रीय मंत्री हो,मुख्य मंत्री हो या राजनीतिक दलों के राजनेता हो,समाजसेवी हो यहाँ तक कई संवैधानिक पदों पर आसीन माननीय-सम्मानीय हो या फिहस्तियाँ हो,कोई भी हो व्यक्ति हो या जिसने भी रावण दहन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया हो उनको लेकर मेरे मन में बार यह बार एक सबाल पूछ रहा है। यहाँ आपमें से कोई राम है क्या। मुझे तो यहाँ कोई भी राम नही मिला। वही दूसरी तरफ रामलीला आयोजक की व्यवस्था पर भी कई सवालिया निशान उठता है। रामलीला स्थलो की व्यवस्था,मंच के बाहर अव्यवस्थित पाकिंग,अस्थाई रूप से बनाई चारदीवारी पर पान मासला अन्य विज्ञापन सम्बन्धी विशालकाय पोस्टरों,रामलीला में आने जाने दर्शकों के मन जरूर दुष्प्रभाव सरकारी महकमे के आल अफसरों की उपस्थिति,दिल्ली पुलिस,आदि के साथ लाला जी का फोटो से व्यापार व रुतवा में स्वाभाविक रूप से प्रभाव पड़ता है। आयोजको का ध्यान रामलीला के सरकारी व सार्वजिक स्थान के लिए उपलब्ध कराई जाती है। जहाँ पर केन्द्र सरकार राज्य सरकार,कई स्वायत संस्थानों को रियायती दरों पर बिजली पानी,सुरक्षा व्यवस्था,मैदान उपलब्ध कराई जाती है। आयोजको द्वारा रामलीला मंचन के लिए चंदे से बड़ी रकम उगाई की जाती है। जिसका कोई हिसाब किताब कोई आडिट रिपोर्ट होती है या नही । भगवान ही जाने। एक रामलीला मंच में आयोजकों के द्वारा अपने लिए शीश महल की शान शौकत उपलब्ध थीं हद तो तक हो जब - भगवान श्री राम की प्रतिमा-खुले मैदान में स्थापित किया गया। इतना ही नही - हिन्दु देवी देवताओं की प्रतिमा को जमीन पर कुछ रखी गई थी लाला जी व उनके परिवार व मित्र परिजनों की आलीशान महलों में शीसें अन्दर - खान पान की व्यवस्था,फोटो सुट प्राईवेट प्रचार प्रसार के लिए कथाकथित झोला छाप आई -माईक लेकर मीडिया कर्मियों का खास इंतजाम था। फोटो सूट आदि व्यवस्था की गई थी। जो कि साधारण व्यक्ति अपने परिवार के सदस्यों के साथ रामलीला देखने को आते है। सबसे पहले उन्हें यहाँ प्रवेश के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। जैसे तैसे वह पहुंचते है फिर आयोजकों के प्राईवेट सिक्युटी गार्ड जिसे आयोजको अपने मित्र व परिजनों की आव भगत - शान शौकत रखी गई है। वे आम जनता को प्रताड़ित करने से नही चुकते है। ऐसे में अपने स्वभाव के मुताबिक तीरक्षी नजर अगर आप को कोई राम दिखे तो हमे भी बतायेगा जरूर। एक बार और अब रामलीला की जगह लालाओं की लीला काफी हद तक हावी हो गई। रामलीला का बदलता स्वरूप समाज व संस्कृति नकुशान कर रही है। एक स्वस्थ्य समाज व हमारे सम्भयता व संस्कृति के लिए खतरे की घंटी है।



## संपादकीय

### हत्या से सनसनी

मुंबई के बांद्रा ईस्ट में अज्ञात व्यक्तियों ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता बाबा सिद्दीकी की कार से आए तीन लोगों ने नजदीक से गोली मार कर हत्या कर दी। गोली लगने के बाद गंभीर रूप से घायल बांद्रा पश्चिम से तीन बार विधायक और राज्य के पूर्व मंत्री रहे सिद्दीकी को पास के लीलावती अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने सुपारी हत्या की शंका जताई है। हमलावरों में से दो को लोगों ने मौके पर ही दबोच लिया। सिद्दीकी 40 साल कांग्रेस में रह चुकने के बाद हाल में कांग्रेस छोड़कर राकांपा (अजीत) में शामिल हुए थे। उनका पुत्र विधायक है। जिस तरह से इस घटना को अंजाम दिया गया है, उससे राज्य में कानून-व्यवस्था की बिगड़ी हालत का पता चलता है। विपक्ष भी सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार और खास तौर पर उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस पर हमलावर है, जिनके पास गृह विभाग भी है। चर्चा है कि हत्या को गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई के गुर्गों ने अंजाम दिया है। गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई ने अभिनेता सलमान खान को भी धमकी दे रखी हैङ्क और बाबा सिद्दीकी सलमान खान के काफी करीबी थे। पुसिल हर कोण से घटना के तार जोड़ने में जुट गई है, और महाराष्ट्र पुलिस के तेजतर्रार अफसरों को इस काम में लगाया गया है। भले ही इस घटना में कोईराजनीतिक एंगल दिखाई न पड़.रहा हो लेकिन इसके राजनीतिक असर से इनकार नहीं किया जा सकता। जल्द ही राज्य में विधानसभा चुनाव होने हैं, और इस प्रकार घर के बाहर हमलावर बेखौफ हत्या को अंजाम देने में सफल हो जाते हैं, तो निश्चित ही कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े.होंगे। लॉरेंस विश्नोई गैंग ने जिस तरह से एक के बाद एक हरकत से पुलिस को चुनौती दी है, उससे जरूरी हो गया है कि पुलिस सख्ती दिखाए। इसलिए पुलिस भी सख्ती दिखाना चाहती है। कुछ समय पहले सलमान खान के घर के बाहर भी रैकी करते हुए लॉरेंस विश्नोई गैंग के गुर्गे पकड़े.गए थे। अंड़रवर्ल्ड.के 87 से ज्यादा गैंगस्टर्स को मार गिराने और कई सरगनाओं का सफाया करने वाले एनकाउंटर स्पेशलिस्ट दया नायक को बाबा सिद्दीकी हत्या मामला सौंपा गया है। दरअसल, जरूरी है कि गैंगस्टर्स को काननू-व्यवस्था पर, चुनाव से ऐन पहले तो कतई नहीं, हावी न होने दिया जाए। आमजन का कानून-व्यवस्था पर विश्वास बना रहना जरूरी है, और ऐसा गुंड़ा और अराजक तत्वों पर शिकंजा कसकर ही किया जा सकता है।

## चिंतन-मनन

### द्वंद्व के बीच शांति की खोज

केवल ज्ञान की बातें करों। किसी व्यक्ति के बारे में दूसरे व्यक्ति से सुनी बातें मत दोहराओ। जब कोई व्यक्ति तुम्हें नकारात्मक बातें कहे, तो उसे वहीं रोक दो, उस पर वास भी मत करो। यदि कोई तुम पर कुछ आरोप लगाये, तो उस पर वास न करो। यह जान लो कि वह बस तुम्हारे बुरे कर्मो को ले रहा है और उसे छोड़ दो। यदि तुम गुरु के निकटतम में से एक हो तो संसार के सारे आरोपों को हंसते हुए ले लोगे। द्वद्व संसार का स्वभाव है और शांति आत्मा का स्वभाव है। द्वद्व के बीच शान्ति की खोज करो। द्वद्व समाप्त करने की चेष्टा द्वद्व को और ज्यादा बढ़ाती है। आत्मा की शरण में आकर विरोध के साथ रहो। जब शान्ति से मन ऊबने लगे तो सांसारिक क्रिया-कलापों का मजा लो। और जब इनसे थक जाओ तो आत्मा की शान्ति में आ जाओ। यदि तुम गुरु के करीब हो, तो दोनों क्रिया कलाप साथ-साथ करोगे। ईश्वर व्यापक हैं। और अन्नत काल से ईश्वर सभी विरोधों को संभालते आए हैं। यदि ईश्वर सारे विरोधों को ले सकते हैं, तो निश्चित ही तुम भी ऐसा कर सकते हो। जैसे ही तुम विरोध के साथ रहना स्वीकार कर लेते हो, विरोध स्वतः समाप्त हो जाता है। शान्ति चाहने वाले लोग लड़ना नहीं चाहते और इसके विपरीत लड़ाई करने वाले शान्ति पसन्द नहीं करते। शान्ति चाहने वाले लड़ाई से बचना चाहते हैं। आवश्यक यह है कि मन को शांत करें और फिर लड़ें। गीता की यही मूल शिक्षा है। कृष्ण अजरुन को उपदेश देते हैं कि अजरुन युद्ध करो मगर हृदय को शान्त रखकर। संसार में जैसे ही तुम एक विरोध को समाप्त करते हो तो दूसरा खड़ा हो जाता है। उदाहरण के लिए जैसे ही रूस की समस्या समाप्त हुई, बोस्निया की समस्या खड़ी हो गई। एक समस्या हल होती है, तो दूसरी शुरू हो जाती है।.....

# मिसाइल मैन डॉ एपीजे अब्दुल कलाम



संजय गोस्वामी



डॉ. कलाम साहब को मिसाइल मैन के नाम से भी जाना जाता था. वे भारत के भारतीय गणतंत्र के ग्यारहवें निर्वाचित राष्ट्रपति थे। डॉ अब्दुल कलाम को पीपल्स प्रेजिंडेट भी कहा जाता था उनका मानना था कि श्इंतजार करने वालों को सिर्फ उतना ही मिलता है, जितना कोशिश करने वाले छोड़ देते हैं। ऐसे प्रेरणादायी शब्द से छात्रों को संबोधित करते रहते थे।

एक साधारण परिवार में 15 अक्टूबर 1931 को धनुषकोडी गाँव (रामेश्वरम, तमिलनाडु) में एक मध्यमवर्ग मुस्लिम परिवार में इनका जन्म हुआ। अपनी मेहनत और बुद्धिमता से ना सिर्फ विज्ञान के क्षेत्र में प्रसिद्धि हासिल की और भारत के राष्ट्रपति पद तक का सफर तय किया बल्कि ये भी साबित किया कि अगर कोई इंसान ठान ले तो कुछ भी असंभव नहीं है। 1963 में कलाम भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान, इसरो से जुड़े और यहां भी भारत की ताकत को बढ़ाने में अपना योगदान दिया। सैटेलाइट लॉन्च वेहिकल यानीं स्ट के प्रॉजेक्ट मिशन से जुड़े। अब्दुल कलाम को मिसाइल मैन के नाम से जाना जाता है उन्होंने अपनी मेहनत और क्षमता के दम पर भारत को वो शक्ति दी जिससे भारत अपनी धाक दुनिया के सामने जमा सका। 1982 में कलाम रक्षा अनुसंधान विकास संगठन, त्त्क्व् से जुड़े और उनके नेतृत्व में ही भारत ने नाग, पृथ्वी, आकाश, त्रिशूल और अग्नि जैसे मिसाइल विकसित किए। इन्होंने भारत रत्न, भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किये। उनके भाषणों में कम से कम एक कुरल का उल्लेख अवश्य रहता था। राजनीतिक स्तर पर कलाम की चाहत थी कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की भूमिका विस्तार हो और भारत ज्यादा से ज्याद महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाये। भारत को महाशक्ति बनने की दिशा में कदम बढाते देखना उनकी दिली चाहत थी। उन्होंने कई प्रेरणास्पद पुस्तकों की भी रचना की थी और वे तकनीक को भारत के जनसाधारण तक पहुँचाने की हमेशा वकालत करते रहे थी। बच्चों और युवाओं के बीच डाक्टर कलाम अत्यधिक लोकप्रिय थे। वह भारतीय अन्तरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के कुलपति भी थे।ष्ट्रपति पद से सेवामुक्त होने के बाद डॉ कलाम शिक्षण, लेखन, मार्गदर्शन और शोध जैसे कार्यों में व्यस्त रहे और भारतीय प्रबंधन संस्थान, शिल्लोंग, भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद, भारतीय प्रबंधन संस्थान, इंदौर, जैसे संस्थानों से विजिटिंग प्रोफेसर के तौर पर जुड़े रहे। इसके अलावा वह भारतीय विज्ञान संस्थान बैंगलोर के फेलो, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी, थिरुवनन्थपुरम, के चांसलर, अन्ना यूनिवर्सिटी, चेन्नई, में एयरोस्पेस इंजीनियरिंग के प्रोफेसर भी रहे।उन्होंने आई. आई. आई. टी. हैदराबाद, बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी और अन्ना यूनिवर्सिटी में सूचना प्रौद्योगिकी भी पढाया था।कलाम हमेशा से देश के युवाओं और उनके भविष्य को बेहतर बनाने के बारे में बातें करते थे। इसी सम्बन्ध में उन्होंने देश के युवाओं के लिए ह्लव्हाट कैन आई गिवह्न पहल की शुरूआत भी की जिसका उद्देश्य भ्रष्टाचार का सफाया है। देश के युवाओं में उनकी लोकप्रियता को देखते हुए उन्हें 2 बार (2003 - 2004) ह्यएम.टी.वी. यूथ आइकॉन ऑफ द इयर अवार्डह्न के लिए मनोनित भी किया गया था।वर्ष 2011 में प्रदर्शित हुई हिंदी फिल्म ह्यआई ?म कलामह्न उनके जीवन से प्रभावित है। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम ने विंग्स ऑफ फायर, इग्नाइटेड माइंड्स, इंडिया 2020 जैसी कई मशहूर और प्रेरणा देने वाली किताबें लिखी हैं। जो खासकर छात्रों को प्रेरित करती रही।इन्होंने 1974 में भारत द्वारा पहले मूल परमाणु परीक्षण के बाद से दूसरी बार 1998 में भारत के पोखरान-द्वितीय परमाणु परीक्षण में एक निर्णायक, संगठनात्मक, तकनीकी और राजनैतिक भूमिका निभाई! सपने वो नहीं होते जो रात को सोने समय नींद में आये, सपनें वो होते हैं जो रातों में सोने नहीं देते। ऐसे दमदार विचार रखने वाले भारत के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम अब इस दुनिया में नहीं रहे। 27 जुलाई 2015 की शाम डॉ अब्दुल कलाम भारतीय प्रबंधन संस्थान शिलोंग में श्रहने योग्य ग्रह पर एक व्याख्यान दे रहे थे जब उन्हें जोरदार कार्डियक अरेस्ट (दिल का दौरा) हुआ और ये बेहोश हो कर गिर पड़े। लगभग 6:30 बजे गंभीर हालत में इन्हें बेथानी अस्पताल में आईसीयू में ले जाया गया और दो घंटे के बाद इनकी मृत्यु की पुष्टि कर दी गई।जिसके बाद करोड़ों लोगों के प्रिय और चहेते डॉ अब्दुल कलाम परलोक सिधार गए।

# हरित ऊर्जा : सस्ती प्रौद्योगिकी वक्त की मांग



अजय प्रताप तिवारी

बढ़ती जनसंख्या, घटते संसाधन न सिर्फ मानव जीविका को प्रभावित करते हैं, बल्कि इनसे ऊर्जा संसाधन भी प्रभावित होते हैं। आज वैश्विक स्तर पर घटते ऊर्जा स्त्रोत के समाधान की तलाश में सभी देश अपने-अपने स्तर पर काम कर रहे हैं। ऊर्जा की बढ़ती मांग और जीवाश्म ईधन के दहन से ग्रीनहाउस गैसों में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे जलवायु परिवर्तन की घटनाएं बढ़ रही हैं।

ग्रीनहाउस गैसों को कम करने तथा ऊर्जा की मांग को पूरा करने में हरित ऊर्जा कारगर साबित हो रही है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी की रिपोर्ट (2024) के अनुसार अगले तीन वर्षों में दुनिया भर में बिजली की मांग बढ़ेगी। इसे पूरा करने तथा पर्यावरणीय प्रभाव कम करने के लिए हरित ऊर्जा की ओर दुनिया देख रही है। भारत सौर ऊर्जा, जलीय और पवन ऊर्जा पर काफी जोर दे रहा है। भारत में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए राज्य और केंद्र सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। सौर ऊर्जा को बढ़ावा और ऊर्जा संबंधी समस्याओं को कम करने के लिए पीएम सूर्य घर योजना को सरकार प्रोत्साहन दे रही है।

योजना के अंतर्गत एक करोड़ परिवारों को 300 यूनिट तक खे बिजली प्रदान की जाएगी। योजना का उद्देश्य ग्रामीण और दूरदराज इलाकों में बिजली की समस्या खत्म करना तथा सुरक्षित पर्यावरण प्रदान करना है। योजना केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान किया जा रहा है। इस योजना की खास बात यह है कि इसके तहत एक सोलर पैनल लगवाने के बाद कई वर्षों तक बिजली की मुफ्त आपूर्ति मिलती रहेगी। यह योजना आर्थिक और पर्यावरणीय दृष्टिकोण से लाभदायक है। देश के आर्थिक विकास और उन्नति में ऊर्जा का महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। देश में ऊर्जा के विभिन्न आयामों को बढ़ावा देने से रोजगार का सृजन भी होता है। आने वाले कुछ वर्षों में एनर्जी सेक्टर में स्किल्ड वर्करों की मांग बढ़ेगी। भारत में बिजली समस्याओं से छुटकारा पाने में पीएम सूर्य घर योजना कारगर साबित हो रहा है लेकिन इसके समक्ष चुनौतियां कम नहीं हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

सौर ऊर्जा से उत्पादित बिजली भंडारण के लिए पूरी तरह से बैटरियों पर निर्भर होना पड़ता है, जो महंगी होती है तथा बैटरियों का सीमित जीवनकाल होता है, जिस वजह से बार-बार बदलना बड़ी समस्या बन सकती है। सौर ऊर्जा परिवर्तनशील और अनियमित प्रकृति की है। इसका एकमात्र हल भंडारण ही है। वैश्विक स्तर पर सौर ऊर्जा का भंडारण प्रति वर्ष 23 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है।

अमेरिका और चीन में सौर ऊर्जा भंडारण सबसे ज्यादा है जबकि भारत में भंडारण की क्षमता सौर ऊर्जा उत्पादन से बहुत कम है। भारत वर्ष 2030 तक वैश्विक स्तर पर अक्षय ऊर्जा के उत्पादन में तीसरे स्थान पर होने की संभावना है, लेकिन अक्षय ऊर्जा भंडारण में विश्व में शीर्ष पांचवां देश होगा। सोलर पैनल्स का औसत जीवनकाल 20-25 वर्ष होता है, लेकिन समय के साथ इनकी उत्पादन क्षमता घटने लगती है, इन्हें बदलने की आवश्यकता होती है, इसलिए भविष्य में अधिक निवेश की आवश्यकता होगी।


भारत में सोलर पैनल और अन्य उपकरणों की प्रारंभिक लागत अधिक होती है, जो आमजन के लिए आर्थिक बोझ हो सकता है, भले ही सरकार सब्सिडी दे रही हो लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक किल्लत बड़ी समस्या है। ग्रामीण क्षेत्रों में सब्सिडी मिलने में देरी और सब्सिडी की जटिल प्रक्रिया होने से सोलर पैनल्स में निवेश करने से लोग हिचकिचाते हैं। लोगों में सोलर पैनल्स की तकनीकी जानकारी की भी कमी है, जिससे वे इस योजना के लाभ समझ नहीं पाते। सोलर पैनल्स के प्रदर्शन पर जलवायु परिवर्तन का भी प्रभाव पड़ सकता है। मौसम में अप्रत्याशित परिवर्तन होते हैं, तो इससे ऊर्जा उत्पादन प्रभावित हो सकता है। देश में सोलर पैनल्स की स्थापना के लिए प्रशिक्षित तकनीशियनों की भी कमी है। सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने से पर्यावरणीय प्रभाव कम होने के साथ ही ई-कचरा भी बढ़ेगा जिसकी रीसाइक्लिंग के लिए काफी निवेश करना होगा।



संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की एक रिपोर्ट ने वैश्विक स्तर पर चेताया है कि जीवाश्म इृधन का उपयोग कम नहीं किया गया तो ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन 2050 तक बढ़ कर दोगुना हो जाएगा। इसलिए आज वैश्विक स्तर पर सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने की जरूरत है। इसके लिए तकनीकी सुधार और लागत कम करने के लिए अनुसंधान को बढ़ावा देना चाहिए। सौर उपकरणों और पैनलों पर करों में छूट देना चाहिए ताकि इन्हें सस्ता और सुलभ बनाया जा सके। सौर ऊर्जा से संबंधित आवश्यक अवसंरचना के विकास पर ध्यान देना चाहिए। पीएम सूर्यघर योजना बिजली की उच्च लागत उत्पादन को कम करते हैं तथा बिजली की उत्पादकता को बढ़ाते हैं। जरूरत इस बात की है कि सौर ऊर्जा की भंडारण क्षमता को बढ़ाने के लिए सरल और सस्ती प्रौद्योगिकी का विकास किया जाए।

# स्वस्थ्य भारत स्वच्छ भारत की तर्ज पर 5 सूत्रीय मांगो को लेकर दिया ज्ञापन । गौसिया अरशद

संस्कार उजाला
**सलीम खान/आसिम अजीज**
**रामपुर** । उत्तरप्रदेश जनपद भारतीय किसान मजदूर यूनियन के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में भारतीय किसान मजदूर यूनियन के लोग आज जिला कचहरी में एकत्रित हुए और पांच सूत्रीय मांगो को लेकर एक ज्ञापन जिला अधिकारी को दिया जिसमे मांग कई गयी की आसरा कालोनी पहाड़ी गेट ब्लाक 17 आई में अधिक गंदगी होने के कारण साप निकाल आते है जिससे जान हानि होने की सम्भावना है सफाई कराकर सपो से निजात दिलाई जाये ग्राम मैडयान उदरज में अमानत के घर से मस्जिद तक रास्ता कच्चा है बर्षा होने पर पानी भर आता है निकलना दुबहार हो जाता है बहा मन रेगा के तहत मिट्टी डलबाई जाये ग्राम सैजनी नानकर में मेन रोड पर सकिल के घर से जोहार बाईपास तक बा मो आलिम के घर से कल्लू के घर तक मिट्टी कार्य मनरेगा के तहत कराये जाने और पुरे जिले में प्रति यूनिट 5 किलो राशन दिलाये जाने की मांग की जिला अधिकारी ने सभी मांगो को जांच कराकर पूर्ण कराने का आश्वासन दिया तथा सम्बंधित अधिकारिओ को निर्देश दिया गया की भारतीय किसान मजदूर यूनियन गरीब मजदूर लोगो की सेवा के लिए हमेशा तोयर है भारतीय किसान मजदूर यूनियन के जिला अध्यक्ष ने कहा की अगर जल्द मांगो को नहीं मना गया तो भारतीय किसान मजदूर यूनियन आंदोलन करेगी जिला अध्यक्ष मो आलिम ने कहा की अगर नगर पालिका प्रशासन ने आसरा कालोनी पहाड़ी गेट पर सफाई नहीं कराई तो 25 अक्टूबर 2024 को नगर पालिका परिषद रामपुर में धरना दिया जायेगा जिसके लिए नगर पालिका ईओ जिम्मेदार होंगे जिला अध्यक्ष मो आलिम ने प्रेस को जारी प्रेस नोट में कहा की जिला प्रशासन जनहित की योजनाओं को हम शासन प्रशासन तक पहुंचते रहेंगे हम गरीब मजदूरों के न्याय दिलाने के लिए अपना सब कुछ कुर्बान करेंगे हर गरीब मजदूर के साथ हम खड़े है हर मुश्किल बक्त में एक बार जरूर याद करे ज्ञापन में गौसिया इरशाद ,नसीम जहा, रुकसाना, मतलबू जहा, रहिस खा, शहजाद फरीद खा मो आलिम, इकबाल खा , जाकिर अली खा, बिनोद, मासूम शाह अशोक शर्मा, अमानत अली , जरीफ अहमद, अनवर आदि।




## नॉर्दर्न ऐरोमेटिक्स के सहयोग से चुन्नीलाल मेडिकल ट्रस्ट व संदेश संस्था ने लगाया नेत्र जाँच शिविर

### आंखे शरीर का सबसे महत्वपूर्ण अंग-पूनम परिहार






संस्कार उजाला
**धौलाना**: नॉर्दर्न ऐरोमेटिक्स के सहयोग से चुन्नीलाल मेडिकल ट्रस्ट व स्वयं सेवी संस्था संदेश द्वारा नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे प्रशिक्षित चिकित्सक द्वारा कुल 110 मरीजों के नेत्रों की जाँच की गई।शिविर के बारे में जानकारी देते हुए संस्था की सचिव पूनम परिहार ने बताया कि आंखें हमारे शरीर का सबसे नाजुक व महत्वपूर्ण अंग हैं। इसकी नियमित देखभाल करना बेहद जरूरी हैं क्योंकि नेत्रों के बिना जीवन बहुत कठिन हो जाता हैं। आमजन की इसी समस्या को देखते हुए संस्था द्वारा सितंबर माह से लेकर मार्च तक प्रत्येक माह की 14 तारीख को शिविर का आयोजन किया जाता है। जिसमे मरीजों के नेत्रों की जाँच की जाती हैं। जिसमें मोतियाबिंद की पहचान कर उनका ब्लड प्रेशर व शुगर की जाँच की जाती हैं। जाँच में सही पाये जाने पर उनका नि:शुल्क ऑपरेशन आई लॉयन्स हॉस्पिटल में कराया जाता हैं। तथा मरीजों को एक सप्ताह की दवाईयाँ भी नि:शुल्क दी जाती हैं।संस्था के सहायक प्रबन्धक राहुल सक्सेना ने बताया कि शिविर से पहले आसपास के गाँवों में संस्था की टीम द्वारा प्रचार किया जाता हैं। उसके पश्चात शिविर में आये मरीजों की जाँच कर उन्हें आवश्यकता अनुसार नि:शुल्क दवाईयाँ दी जाती हैं। इस शिविर में मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए कुल 45 मरीजों को चिन्हित किया गया है। इस शिविर में गाँव देहरा, धौलाना,ऊंचा अमीपुर, हसनपुर, सिकन्द्राबाद, नन्दपुर, शिवाया, फगौता व पिलखुवा के मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया।इस अवसर पर परियोजना समन्वयक ग्रामीण विकास संजीव भारद्वाज, शालू राघव, रेखा, अनुराग सिंह, सुशीला, मालती व चवल सिंह का सहयोग रहा।

## संक्षिप्त डायरी

### जिले में यातायात सुरक्षा व्यवस्था के नियमों पर ई रिक्शा चालक पड़ रहे भारी हाईवे पर जाम लगाने के साथ फैला रखी है मारामारी



संस्कार उजाला
**रिपोर्टर भूपेंद्र वर्मा**
**हापुड़**/हापुड़ शहर में ई रिक्शा चालकों के द्वारा सड़कों पर जाम लगाने के साथ की जा रही मनमानी पर ट्रैफिक पुलिस की सर परस्ती कहा जाए या अनदेखी। बता दें कि दिन निकलते ही ई रिक्शा चालकों के द्वारा सड़कों पर जान की स्थिति पैदा कर दी जाती है। जिसके चलते ट्रैफिक पुलिस की यातायात व्यवस्था भी चरमरा जाती है। ई रिक्शा चालकों को जरा भी नहीं है यातायात नियमों की परवाह। क्योंकि ट्रैफिक पुलिस के द्वारा उनके विरुद्ध चलने करवाई कि नहीं जा रही है जिसके चलते इनके हौसले बुलंद है। जहां एक बाइक सवार के द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर ट्रैफिक पुलिस के द्वारा उसका फटाक से चालान बना दिया जाता है। वही ई रिक्शा चालक निर्धारित मात्रा से अधिक सवारी एवं लोड भरकर ट्रैफिक पुलिस के सामने से सभी नियमों का उल्लंघन करते हुए गुजर जाते हैं। इन सभी तथ्यों के मद्देनजर सड़कों पर जाम की स्थिति पैदा करने वाले इन ई रिक्शा चालकों पर यातायात पुलिस की सरपरस्ती कहा जाए या अनदेखी।

### गढ़ कोतवाल ने शरारती तत्वों पर पैनी नजर के साथ पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का कराया एहसास



संस्कार उजाला
**अमित शर्मा गढ़मुक्तेश्वर**/एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के कुशल निर्देश पर जनपद में आपराधिक एवं शरारती प्रवृत्ति के तत्वों पर पैनी नजर रखने के साथ जनता जनार्दन की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सभी थाना प्रभारी के द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का एहसास करने को लेकर चलाए जा रहे। पैदल भ्रमण अभियान के तहत गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली प्रभारी नीरज कुमार के द्वारा अपनी तेज तर्रार पुलिस टीम के साथ शरारती तत्वों पर पैनी नजर रखते हुए। शहर में पैदल भ्रमण कर नागरिकों को कराया कानून सुरक्षा व्यवस्था का एहसास। पुलिस कर्मियों के बूटों की टॉप की गूंज से शरारती तत्व दांतों तले उंगली दबाने को हुए मजबूर।

### डीएम मेम हमारी कॉलोनियों का रास्ता भी सही कराकर जल भराव से दिला दो निजात





संस्कार उजाला
**गढ़मुक्तेश्वर** जनपद की तहसील गढ़मुक्तेश्वर के सिंभावली ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मौहम्मदपुर खुडलिया में टूटे रास्ते जल भराव की समस्याओं को लेकर कॉलोनी वीडियो में मचा हुआ है त्राहिमाम त्राहिमाम। बता दे कि सिंभावली ब्लॉक की ग्राम पंचायत भोवापुर मस्तान नगर एवं मौहम्मदपुर खुडलिया दोनों ही ग्राम पंचायतें अपने आप में अच्छे बजट वाली ग्राम पंचायतों में गिनी जाने वाली ग्राम पंचायतें हैं। जिसमें दोनों ही ग्राम पंचायतों के द्वारा प्रत्येक वर्ष साप्ताहिक मंगलवार के बाजार यानी ग्रामीणों के शॉपिंग मॉल का 12 से 15 लाख रुपए में प्रतिवर्ष ठेका छोड़ा जाता है। फिर भी भोवापुर मस्तान नगर ग्राम पंचायत में बनाया गया।सार्वजनिक शौचालय अपनी बदहाली पर ताला लटकने के चलते आंसू बहा रहा है। जबकि दोनों ग्राम पंचायत में विकास कार्य कराने के लिए सरकार से भी अच्छा खासा बजट प्रस्ताव में आता है। लेकिन फिर भी मौहम्मदपुर खुडलिया के अंतर्गत आने वाले सुभाष विहार, सैफी कॉलोनी में रास्ते टूटे होने के चलते जल भराव को लेकर अपनी बदहाली पर विकास की बाट जौह रहे हैं। वहीं कॉलोनीवासियों का कहना है कि ग्राम प्रधान से शिकायत करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। और टूटे रास्ते जल भराव गंदे पानी से निकलने को लेकर भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसको लेकर समस्याओं से त्रस्त लोगों ने प्रदर्शन करते हुए जिला अधिकारी प्रेरणा शर्मा से टूटे हुए रास्ते और रास्तों में जल भराव से निजात दिलाने को लेकर गुहार लगाई है। प्रदर्शन करने वालों में अरमान, यामीन,रिहान ,आसीम कोहिनूर,फरीद साबरी समीना, शबनम, मुशायदा सहित दर्जनों की संख्या में कॉलोनी वासी उपस्थित रहे।

## बक्सर सरस्वती शिशु सदन विद्यालय में भारत दर्शन प्रतियोगिता कार्यक्रम का हुआ आयोजन






संस्कार उजाला
**गढ़मुक्तेश्वर**/जनपद की तहसील गढ़मुक्तेश्वर के सिंभावली ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले कस्बा बक्सर के ढाना रोड पर स्थित सरस्वती शिशु सदन विद्यालय में स्कूली भारत दर्शन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम का थाना अध्यक्ष श्यौपाल सिंह स्कूल प्रबन्धक लोकमणि शर्मा के द्वारा विधि विधान के साथ फीता काटकर शुभारंभ किया गया। आयोजित भारत दर्शन कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा सभी 28 राज्यो के भव्य मॉडल की आर्टिंग बनाई गई। जिसमे प्रत्येक प्रदेश की भव्य इमारतें,भव्य मंदिर,पर्यटन स्थल एवं पकवानों आदि का मन मोहक शानदार प्रदर्शन किया। साथ ही स्कूली बच्चों ने भारत देश के अलग-अलग राज्यों की वेशभूषा और संस्कृति के माध्यम से भारत की गरिमा को प्रदर्शित करने का प्रयास किया। और स्कूली छात्र-छात्राओं ने अपने अपने मॉडलों के विषय मे थाना अध्यक्ष को विस्तार पूर्वक अवगत कराया। वही इस भारत दर्शन कार्यक्रम के दौरान थाना अध्यक्ष एवं अभिभावकों ने बच्चों की इस उत्कृष्ट प्रदर्शनी की न सिर्फ सराहना की अपितु बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिये प्रेरित किया। और कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्राओं को महिला कांस्टेबल पूजा शर्मा रीना रानी के द्वारा नारी शक्ति मिशन नारी सशक्तिकरण को लेकर भी अपने अधिकारों के प्रति हेल्पलाइन नंबरों के लिए जागरूक किया गया। इसके उपरांत स्कूल द्वारा प्रदर्शनी में प्रतिभाग करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को पुरुस्कृत किया गया। जिसमें से भव्य लाल किला बनाने के लिये अलीना को प्रथम ,उत्तरप्रदेश के लिये जेद को द्वितीय, महाराष्ट्र के लिये सान्वी,अफ्शा, नव्या को तृतीय पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर अमन, रोली, वनशु, जुनैद, कशिश, खुशनुमा,आदित्य, आयशा,आदि उपस्थित रहे।

## डीएम स्पोर्ट अकादमी/डी एम पब्लिक स्कूल के छात्रों ने नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 में 76 पदक जीतकर द्वितीय स्थान पर लहराया जीत का परचम



संस्कार उजाला
**गढ़मुक्तेश्वर**/जनपद की तहसील गढ़मुक्तेश्वर के शाहपुर रोड पर स्थित देव मेमोरियल पब्लिक स्कूल एवं डीएम स्पोट्र्स अकादमी के छात्रों ने नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 में 76 पदक जीत कर सीबीएसई नेशनल एथलेटिस में दूसरे स्थान पर परचम लहराया है। जिसमें से गढ़मुक्तेश्वर के 5 पांच खिलाड़ियों को खेलों इंडिया में खेलने का मौका मिलेगा। सीबीएसई नेशनल एथलेटिस चैम्पियनशीप 2024 में खेले गये। सभी खेलों में प्रतिभाग कर रहे खिलाड़ियों का सोमवार को स्कूल प्रांगण में फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। और वारणसी बनारस मे खेलने जा रहे।,देव मेमौरियल पब्लिक स्कूल एवं डीएम स्पोर्स अकादमी से 152 खिलाडियों ने प्रतीभाग किया है। वाराणसी बनारस उत्तर प्रदेश, झाड़खण्ड में जूड़ो की टीम ने प्रतिभाग किया। स्कूल प्रबंधक राजेन्द्र सिंह जी एवमं स्पोट्र्स अकादमी निदेशक सिद्धार्थ चौधरी ने बताया कि स्कूल एवं अकादमी के खिलाड़ी अन्य खेल के क्षेत्र में प्रदेशो में संस्था का नाम रोशन करेंगे। कोच नवीन चौधरी ने बताया कि प्रत्येक खिलाड़ियों को पूर्ण रूप से तैयार किया गया है। जो पदक हासिल करने में सक्षम खिलाड़ियों से आशा है कि वह और पदक हासिल कर देव मेमैरियल पब्लिक स्कूल गढ़मुक्तेशवर हापुड़ एवं डी एम स्पोट्र्स अकादमी का नाम रोशन करेंगें। इस मौके पर प्रधानाचार्य मंजु चौधरी,ने बताया कि जो बच्चें खिलाडियों ने सीबीएसई नेशनल एथलेटिस चैम्पियनशिप 2024 गये खेल में स्वर्ण पदक लाने वाले बच्चों को खेलों इंडिण्या खेलों प्रतिभाग करने का मौका मिलेगा। जिसमें देश-विदेशो के खिलाड़ी भाग लेगे। हमें खुशी है कि हमारे स्कूल से पांच खिलाड़ी नेशनल गेम जीतने के बाद अब खेलों इंडिया में खेल पायेगे। इस अवसर पर स्कूल कॉडिनेटर योगेद्र सिंह, अशोक कुमार, प्रांजल सिंह,गार्मी ,सुधा यागी,अंशू, तनीषा भड़ाना,पुष्पेन्द्र कुमार वर्मा ,दुष्यत कुमार, रविन्द्र कुमार, ब्रज सिंह, दाताराम शर्मा वी.के शर्मा, सुधीर कुमार , अरूण त्यागी कवि (भारतीय बॉक्सर) , उपस्थित रहे।

## डीएम को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा संगठन ने ब्राह्मण समाज पर अशोभनीय टिप्पणी करने के संबंध में मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन







संस्कार उजाला
**जिला प्रभारी अमित शर्मा**
**हापुड**/अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा के पद अधिकारियों ने ब्राह्मण समाज पर अशोभनीय टिप्पणी करने वाले विधायक के विरुद्ध जिलाधिकारी हापुड़ को सौंपा ज्ञापन। बता दें कि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रा)के पदाधिकारियों ने भाजपा के विधायक चंद्रपाल लोधी के द्वारा ब्राह्मण समाज और भगवान परशुराम जी पर अभद्र एवं अशोभनीय टिप्पणी करने को लेकर ब्राह्मण समाज मे आक्रोश फैला हुआ है। जिसको लेकर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रा)के आक्रोशित पदाधिकारी जिलाधिकारी कार्यालय हापुड़ पहुंचे। और चंद्रपाल लोधी के खिलाफ नारेबाजी की और एडीएम प्रशासन संदीप कुमार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए। उल्लेख किया गया है कि विधायक या तो मंच के माध्यम से ब्राह्मण समाज से माफी मांगे। अन्यथा माननीय मुख्यमंत्री जी ऐसी ब्राह्मण विरोधी मानसिकता रखने वाले विधायक कि सदस्यता खत्म करें। और विधायक के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करें। इस अवसर पर ज्ञापन सौंपने वालों में संगठन के पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष पंडित विजेंद्र शर्मा पश्चिम प्रदेश सचिव पंडित अनुज शर्मा परशुराम सेना के पश्चिमी प्रदेश अध्यक्ष पंडित जुगल किशोर शर्मा महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष मोहिनी शर्मा, जिला उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ श्रीमती कुमुद शर्मा जिला सचिव भगवान शर्मा जिला संयोजक पंडित प्रदीप शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष पंडित गौरव शर्मा नगर अध्यक्ष पंडित आकाश शर्मा श्रीमती दीपिका शर्मा प्रेरणा शर्मा श्रीमती बीना शर्मा गौरी शर्मा आचार्य शैलेंद्र कृष्ण शास्त्री गढ़मुक्तेश्वर आचार्य रोहित कृष्ण शास्त्री गढ़मुक्तेश्वर विनोद शास्त्री गढ़मुक्तेश्वर धनंजय तिवारी बच्चन शर्मा देवली संदीप अवस्थी लव कुश तिवारी,अनिल शर्मा गजालपुर श्रीमती बबीता सुशील शर्मा बृजघाट डॉ रोहित डॉ राकेश शर्मा पंडित महेश शर्मा झडीना सहित अन्य पद अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## दबंगों के द्वारा वृद्ध के सिर पर मारा सांप रखकर जबरदस्ती शराब पिलाने के मामले में दर्ज मुकदमे को लेकर पीड़ित पक्ष पर फैसले का दबाव बनाने के चलते वृद्ध की मौत पीड़ित परिजनों ने लगाई न्याय की गुहार



संस्कार उजाला
**रिपोर्टर भूपेंद्र वर्मा**
**हापुड़**/बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव वनखंडा में 4 अक्टूबर को गांव के ही रहने वाले शरारती दबंग प्रवृत्ति के विपिन त्यागी पुत्र राकेश त्यागी के द्वारा स्वरूप सिंह उपाध्याय लगभग 100 वर्षीय वृद्ध के सिर पर मरा सांप रखकर जबरदस्ती शराब पिलाकर उसके साथ बदतमीजी की गई थी। जिसमें वृद्ध के पीड़ित पोते राहुल उपाध्याय के द्वारा विरोध करने पर विपिन त्यागी और उसके भाई केशव त्यागी के द्वारा मारपीट की गई थी। जिसमें बाबूगढ़ पुलिस के द्वारा कार्रवाई नहीं करने को लेकर पीड़ित ने एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह का दरवाजा खटखटाया था। जिसके चलते बाबूगढ़ पुलिस ने एसपी के आदेश पर मुकदमा पंजीकृत किया। वही इस मामले को लेकर मृतक वृद्ध के पोते राहुल उपाध्याय का कहना है कि दबंग प्रवृत्ति के विपिन त्यागी और उसका भाई केशव त्यागी डरा धमका कर गाली गलौज करते हुए फैसला करने का दबाव बनाते चले आ रहे थे। जिसमे डरे सहमे वृद्ध दादा स्वरूप सिंह की सदमे से मौत हो गई हैं। जिसको लेकर पीड़ित पक्ष ने न्याय की गुहार लगाते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## दलालों की दबंगता के शिकार गरीब पीड़ित ऑटो चालक ने थाने में तहरीर देकर लगाई न्याय की गुहार



संस्कार उजाला
**रिपोर्टर भूपेंद्र वर्मा**
**गढ़मुक्तेश्वर**/सिंभावली थाना क्षेत्र के गांव निवासी सीधे-साधे युवक को वाहनों की खरीद फरोख्त करने वाले दलालों ने 30500 की सरकारी चालान राशि युक्त ऑटो धमाकर 77000 की लगाई चपत। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर लगाई न्याय की गुहार। बता दे की सिंभावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव दतियाना निवासी संजय पुत्र ईश्वर ने थाने में तहरीर देकर उल्लेख किया है कि उसको रविंद्र पुत्र रिशाल, श्री चंद्रपुत्र मूलचंद निवासी माधापुर के द्वारा अपने ₹5000 के कमीशन लेने को लेकर अपने मिलने वाले अहमद हसन पुत्र रहमत अली निवासी मुबारिकपुर से एक ऑटो 77 हजार रुपए में दिलाया था। जिसकी नोटरी स्टैंप पर करते वक्त यह लिखा गया था कि दिनांक 22/3/2022 से पूर्व के चालान एक्सीडेंट संबंधी कोई भी क्लेम पाया जाता है। तो उसका जिम्मेदार अहमद हसन पुत्र रहमत अली होगा। और इसके बाद का जिम्मेदार संजय पुत्र ईश्वर होगा। लेकिन दिलाए गए ऑटो पर 22/3/2022 से पूर्व के 30500 की सरकारी राशि के चालान ऑनलाइन आ रहे हैं। जिनका भुगतान करने के लिए पीड़ित ने इन तीनों लोगों से कहा तो इन्होंने पीड़ित के साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। जिसको लेकर गरीब मजदूर पीड़ित काफी डरा सहमा हुआ है। और थाने में तहरीर देखकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वही इस मामले को लेकर थाना प्रभारी का कहना है कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी।

## दो अलग अलग दुर्घटना में दो युवकों की दर्दनाक मौत।





संस्कार उजाला
**क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।**
**सोनभद्र रेणुकूट।** स्थानीय पुलिस चौकी क्षेत्र में रविवार की शाम हुए दो अलग-अलग दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई घटना की सूचना पर पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में ले लिया। रविवार की सुबह चौकी पर पहुंचे परिजनों ने घटना की जानकारी ली। पुलिस चौकी प्रभारी राजेश चौबे ने बताया कि शक्तिनगर थाना क्षेत्र के शिवाजी नगर निवासी प्रभात कुमार सिंह उम्र 23 वर्ष पुत्र मदन सिंह रविवार को अपने दोस्त के साथ हाथीनाला स्थित पार्क घूमने गया था वहां से वापस लौटते समय रविवार की शाम को वह रेणुकूट मुख्य बाजार में एक ट्रक के बगल से निकलने का प्रयास कर रहा था इसी दौरान अचानक सामने किसी वाहन के आ जाने से उसने ब्रेक लिया जिससे बाइक स्पेशल कर गिर गई और ट्रक की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना में बाइक पर बैठा दूसरा युवक बाल बाल बच गया। वहीं दूसरी घटना में रविवार की देर शाम ऋषि यादव उम्र 35 वर्ष पुत्र विशंभर यादव निवासी नदिहार राजगढ़ मिजार्पुर की एक मालगाड़ी के टकराने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि ऋषि यादव हिंडालको कारखाने से ड्यूटी करके रेलवे लाइन पकड़ कर अपने निवास जा रहा था इस दौरान मालगाड़ी की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर परिजन सोमवार की सुबह पुलिस चौकी पहुंचे जहां पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## अनियंत्रित बाइक सवार विद्युत पोल में मारा जोरदार टक्कर, इलाज के दौरान युवक की मौत




संस्कार उजाला
**क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।**
**सोनभद्र।** बभनी थाना क्षेत्र के छिपिया गांव निवासी 18 वर्षीय युवक की मोटरसाइकिल पोल से टकराने से गम्भीर रूप से घायल हो गया। उपचार के दौरान जिला अस्पताल में घायल युवक की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार बभनी अम्बिकापुर मार्ग रविवार की रात्रि परसाटोला के समीप 18 वर्षीय बाबू लाल पुत्र रामसिंह निवासी इकदीरी छिपिया मोटरसाइकिल से पोखरा बहन के घर जा रहा था कि अनियंत्रित होकर बाइक विद्युत पोल से टकरा गई। हादसे के बाद युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक को घायल अवस्था में पुलिस द्वारा ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बभनी भर्ती कराया गया और परिजनों की तलाश शुरू की गई। सुबह छः बजे करीब युवक की पहचान हो पाई, तब तक युवक बभनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ही पड़ा रहा गया। सुबह जब परिजनों को जानकारी हुई तो अस्पताल पहुंचे। फिर जाकर युवक की गंभीर स्थिति देखते हुए डॉक्टरों ने युवक को रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान युवक ने दम तोड दिया।

संस्कार उजाला
सच की हुंकार
संस्कार उजाला समाचार एवं विज्ञापन संपर्क करें जिला प्रभारी अमित शर्मा 8445987618 ,भूपेंद्र वर्मा संवाददाता 9756144404

## उप जिलाधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी गांवो में भ्रमण कर पराली जलाने की घटनाओं को रोकें: डीएम




संस्कार उजाला

**शाहजहांपुर/** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में पराली से संबंधी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का आयोजन कर समस्त संबंधित जिलास्तरीय/ ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को गांवो में भ्रमण कर पराली जलाने की घटनाओं को रोकने जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर भ्रमण कर पराली को न जलाने दें। उन्होंने कहा कि पराली जलाने की घटनाओं को लेकर शासन बहुत संवेदनशील है। जनपद में पराली जलाने की घटनाओं पर पूर्णतया अंकुश लगाया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी कंबाइनों में एसएमएस सिस्टम अवश्य लगा हो यह सुनिश्चित किया जाए, तभी फसल को काटने दिया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि फसल कटिंग करते समय कंबाइनों की रेंडम चेकिंग की जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जो भी पराली जलाने की घटनाएं प्रकाश में आई है उन पर कड़ी कार्रवाई की जाए। कम्बाइन को एस. एम. एस. लगाकर ही फसल काटने दी जाए, बिना एस. एम. एस. की कम्बाइन को न चलाने दिया जाये। क्षेत्रीय कार्मिको (कृषि, पंचायत, राजस्व) के द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन किया जाए। जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि पराली को गौशाला में भेजवाना सुनिश्चित कराएं। जिलाधिकारी ने सभी नामित अधिकारियों को निर्देश दिए कि दिन एवं रात्रि में निरन्तर भ्रमण करें। सभी अधिकारी सतर्क होकर गंभीरता से पराली जलने की घटनाओं को रोके।

## गांव में नहीं दिख रही सफाई,सफाई उपकरणों व सैनेटाइजर पर लाखों खर्च

### कुइयां में लाखों रुपए खर्च फिर भी बजबजा रहीं नालियां लगा गंदगी का अम्बार



संस्कार उजाला

**खुटार शाहजहांपुर।** सरकार ग्राम पंचायतों में सफाई व्यवस्था के लिए सैनेटाइजर,ठेली मरम्मत आदि अन्य उपकरणों के लिए प्रतिबर्ष लाखों रुपए का बजट जारी कर रही है।लेकिन इसके बावजूद भी खुटार क्षेत्र की अधिकांश ग्राम पंचायतों में गंदगी के अंबार लगें हुए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र की ग्राम पंचायत कुइयां में सैनेटाइजर,ठेली मरम्मत सहित अन्य सफाई उपकरणों के नाम पर अभी तक लाखों रुपए निकाले जा चुके है। और इसके बावजूद भी नालियां बजबजा रहीं हैं। और कूड़ा सड़कों पर फैला हुआ है तथा सफाई उपकरण गलते हुए नजर आ रहें हैं। अब सवाल यह उठ रहा है कि प्रतिवर्ष लाखों रुपए आखिर खर्च कहां हो रहें हैं। क्या सिर्फ कागजों पर सफाई व्यवस्था को दिखाकर लाखों रुपए निकाले जा चुके हैं। गांव में फैलीं गंदगी से भयंकर से भयंकर बीमारी उत्पन्न होने का खतरा बना हुआ है। ग्रामीण उच्च अधिकारियों से जांच कर कार्रवाई किए जाने की मांग कर रहे हैं। अभी तक जानकारी नहीं थी जानकारी मिली है जांच कर कार्रवाई की जाएगी एडीओ पंचायत अनुराग शर्मा खुटार

## संक्षिप्त डायरी

### उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल पंजीकृत की ओर से प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय लोकेंद्र लोकेश अग्रवाल जीके अहान पर माननीय मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन दिया गया




संस्कार उजाला

**संवाददाता घनश्याम दास**

**सहारनपुर** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल पंजीकृत की ओर से प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय लोकेश अग्रवाल जी के अह्वान पर एक ज्ञापन माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को माननीया एडीएम प्रशासन के द्वारा भेजा गया। ज्ञापन में छोटे और मझोले व्यापारियों का सैंपलिंग के नाम पर अधिकारियों तथा कर्मचारीयों द्वारा होने वाले उत्पीड़न का विरोध किया गया। प्रदेश महामंत्री विवेक गुप्ता जी तथा प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल त्यागी जी ने कहा कि सैंपल भरने के नाम पर अगर व्यापारियों का उत्पीड़न होगा तो उसे बर्दाशत नहीं किया जाएगा। मंडल अध्यक्ष अमित शर्मा ने कहा कि जब खाद्य की फसलों में पेस्टिसाइड बहुत अधिक संख्या में डाला जाता है तो सैंपल तो फेल होंगे सरकार को पेस्टिसाइड डालने का मानक तय करना चाहिए। जिला अध्यक्ष नरेश गोयल ने कहा कि अधिकारी बड़ी मछली को न पकड़कर छोटी मछली को पकड़कर परेशान करने का कार्य करते हैं सरकार को चाहिए कि ब्रांडेड माल के सैंपल फेल होने पर ब्रांडिंग कंपनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज होना चाहिए। सरकार से हम मांग करते हैं कि रजिस्ट्रेशन की टर्नओवर सीमा 12000 से बढ़ाकर 40000 की जाए।अगर छोटे वह मझोले व्यापारियों को सैंपल के नाम पर परेशान किया गया तो व्यापार मंडल अधिकारियों का विरोध कर प्रदर्शन करेगा। महानगर अध्यक्ष पंकज गुप्ता ने कहा कि किसी भी दशा में किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा हम हमेशा व्यापारियों की लड़ाई लड़ने के लिए तत्पर है। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष नरेश गोयल, प्रांतीय महामंत्री विवेक गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल त्यागी, प्रदेश संगठन मंत्री नरेंद्र सिंह कोहली,मंडल अध्यक्ष अमित शर्मा, मंडल महामंत्री पंकज कालड़ा, मंडल महामंत्री मनीष कालड़ा, मंडल कोषाध्यक्ष संदीप सैनी, मंडल उपाध्यक्ष अंकित ढींगरा महानगर अध्यक्ष पंकज गुप्ता, जिला महामंत्री सुनील राणा, महानगर संरक्षक यतेंद्र गुप्ता, महानगर संरक्षक बृजमोहन सिंघल, सौरभ रोहिल्ला, युवा जिला अध्यक्ष भानु अग्रवाल, युवा जिला महामंत्री एकांश अग्रवाल, जिला युवा उपाध्यक्ष यश बंसल, राहुल सैनी, विनय सिंघल, जिला मीडिया प्रभारी राहुल कुमार तथा रमेश सैनी आदि उपस्थित रहे।

## पीड़िता ने जमीन बैनामा कराने का लगाया आरोप



संस्कार उजाला

बंडा शाहजहांपुर वड़ा थाना वड़ा इलाज कराने के बहाने ले जाकर जमीन को अपने नाम करा लेने व कब्जा की नियत से आये दिन गाली-गलौज करने, मारपीट के लिए हमलावर होने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गांव पिपरिया घासी निवासी आशाराम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी मां की मौत के बाद उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं रहता है। आरोप है कि गांव के श्याम सिंह उसे दवा दिलवाने के बहाने ले गये। और उसकी जमीन अपनी पत्नी के नाम करा लिया। उक्त श्याम सिंह, उसकी पत्नी श्यामा देवी, पुवायां के गांव जारमानों निवासी भगवान दास उसके घर पहुंचे जमीन व मकान पर कब्जा करने को पहुंच गये।और मकान सहित जमीन छोड़कर जाने को कहा। आरोप है कि उक्त लोग गंदी गंदी गालियां देते हुए अपनी लाइसेंसी राइफल से मारपीट को हमलावर होते हैं। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। एसओ सोनी शुक्ला ने पीड़ित की तहरीर पर जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इधर थाना प्रभारी सोनी शुक्ला ने कार्रवाई का दिया आश्वासन

## भाकियू क्रांति के राष्ट्रीय महा सचिव व जिलाध्यक्ष का बेहट पहुंचने पर किया स्वागत



संस्कार उजाला

**बेहट /** भारतीय किसान यूनियन क्रांति अराजनैतिक के राष्ट्रीय महासचिव शिवकुमार व जनपद मुजफ्फरनगर जिला अध्यक्ष सुभाष चंद्र सैनी के बेहट पहुंचने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया। प्रदेश अध्यक्ष अमित सैनी व कार्यकताओं ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं। भाकियू क्रांति अराजनैतिक के प्रदेश अध्यक्ष अमित सैनी भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक राष्ट्रीय सचिव व जिलाध्यक्ष के स्वागत के उपरांत किसान हित में कार्य करने का भरोसा दिलाया। वह अपने उच्च व्यक्तित्व, मृदु व्यवहार, कार्य के प्रति निष्ठा, समर्पण एवं ईमान्दारी से निश्चित ही किसान हित में नया आयाम स्थापित करेंगे। उन्होंने सभी लोगोँ का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि मै पूरी लगन और मेहनत से भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के किसान हित के उद्देश्यों का पालन और संघर्ष करता रहूंगा। इस मौके पर मुजफ्फरनगर के ब्लॉक कुकड़ा अध्यक्ष सतपाल सिंह, प्रदेश मिडिया प्रभारी संजय सैनी, सहारनपुर महिला जिलाध्यक्ष सरिता देवी, प्रदेश प्रतिनिधि आशीष सैनी आदि रहे।

### शारदीय नवरात्रों के उपलक्ष में माता की असीम कृपा से डा, प्रवीण शर्मा के निवास स्थान पर हुआ माता का जागरण। ,रामपुर मनिहारान विधानसभा के विधायक देवेंद्र निम भी उपस्थित।



संस्कार उजाला

**सहारनपुर।** कस्बा नांगल में डाक्टर प्रवीण शर्मा उपाध्यक्ष मानवाधिकार एमरजेंसी हेल्प लाइन एसोसिएशन सहारनपुर ने अपने निवास स्थान कुसुम धाम, पब्लिक स्कूल रेड, रेलवे रोड पर स्थित एक माता के महत्वपूर्ण जागरण का आयोजन किया जिसको हवन यज्ञ पूजन अर्चन के द्वारा मंत्रोंच्चारण के पश्चात शुभारंभ किया गया। जागरण में सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ उठाया। जागरण स्थल को फूल मालाओं व आधुनिक लाईटों से डेकोरेट किया गया। और माता के जयकारों से माहौल को भक्तिमय बनाने में श्रद्धालुओं का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। माता के पवित्र जागरण में स्वयं डॉ, प्रवीण शर्मा सपरिवार सारी रात उपस्थित रहे, रामपुर मनिहारान विधानसभा क्षेत्र से विधायक देवेंद्र निम ने माता के चरणों में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित समर्पित की और मानवाधिकार एमरजेंसी हेल्पलाइन एसोसिएशन सहारनपुर के जिला अध्यक्ष श्री राकेश शर्मा जी, महासचिव डॉ, श्री अरविन्द कुमार जी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री चंद्रशेखर दिक्षित जी, संजय शर्मा जी, निशांत शर्मा जी,डा, जसवीर सिंह जी मानवाधिकार एमरजेंसी हेल्पलाइन एसोसिएशन सहारनपुर, मास्टर अरविन्द शर्मा जी, पंकज कुमार शर्मा जी, सुधीर शर्मा जी, श्रीमती रंजना शर्मा जी, श्रीमती ऊषा देवी जी, आरुषि,व प्रशांत शर्मा आदि श्रद्धालुओं ने धार्मिक पांण्डाल की शोभा दर्शनीय बनाई एवं माता रानी का गुणगान किया।

### खतौनी में खातेदारों एवं सहखातेदारों के गाटों के अंश निर्धारण में हुई अविवादित त्रुटियों एवं लोप को करें ठीक

#### 31 दिसम्बर तक अभियान चलाकर कार्य करें पूर्ण - मण्डलायुक्त

संस्कार उजाला

सहारनपुर। मण्डलायुक्त डॉ0 हृषिकेश भास्कर यशोद ने मण्डल के तीनों जनपदों के जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि खतौनी में अंश निर्धारण के संबंध में अविवादित त्रुटियों एवं लोप को सही कराने के संबंध में अभियान चलाकर 31 दिसम्बर 2024 तक कार्य पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। डॉ0 हृषिकेश भास्कर यशोद ने निर्देश दिए कि जनपद स्तर से कृत कार्यवाही की मासिक प्रगति पोर्टल पर दर्ज कराते हुए माननीय राजस्व परिषद उ0प्र0 लखनऊ को अवगत कराना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि ऐसे विवादित प्रकरण जिनका निस्तारण उपजिलाधिकारी द्वारा उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 की धारा 38(2) के तहत हितबद्ध पक्षों को सुनकर किया जाना है, जिसकी समीक्षा हेतु पृथक से माननीय राजस्व परिषद उ0प्र0 लखनऊ की वेबसाइट पर एक प्रारूप विकसित किया जाएगा जिसका पाक्षिक स्तर पर अनुश्रवण एवं समीक्षा माननीय राजस्व परिषद उ0प्र0 लखनऊ, मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी द्वारा की जाएगी। अवगत कराना है कि वर्तमान में समस्त राजस्व खतौनियों को रियल टाइम खतौनियों में परिवर्तित करने के साथ ही खतौनी पुनरीक्षण एवं अंश निर्धारण से अवशेष सह खातेदारों के गाटों में अंश निर्धारण का कार्य प्रगति पर है। जिन खातेदारों एवं सह खातेदारों के गाटों में अंश निर्धारण का कार्य किया जा चुका है उनमें त्रुटिपूर्ण अंश निर्धारण है।

### अयोध्या में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होगा रिकार्ड दीपोत्सव

#### दिव्य अयोध्या ऐप्प के माध्यम से विश्व भर में डिजिटल दीप प्रज्ज्वलित करने की होगी व्यवस्था

संस्कार उजाला ब्यूरो

**सहारनपुर ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिव्य अयोध्या मोबाइल एप्लिकेशन एवं वेब पोर्टल का शुभारम्भ किया गया है। यह ऐप्प अयोध्या में आने वाले पर्यटकों, तीर्थयात्रियों के लिए होमस्टे, गाइडेड टूर, टैक्सी सेवाएं एवं अन्य आवश्यक सेवाओं को एकल पटल पर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसका उद्देश्य अयोध्या आने वाले पर्यटकों के अनुभव को अत्याधिक सुविधाजनक बनाना है। अयोध्या में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है, जहां सरयू नदी तट, राम की पैडी पर रिकार्ड संख्या में दीप जलाये जायेंगे। श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा उपरान्त प्रथम दीपोत्सव में प्रतिभाग करने के लिए काफी बडी संख्या में पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इस वर्ष दिव्य अयोध्या ऐप्प के माध्यम से विश्व भर में डिजिटल दीप प्रज्ज्वलित करने की भी व्यवस्था की गयी है। अवगत कराना है कि माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा 14 जनवरी 2024 को दिव्य अयोध्या मोबाईल एप्लीकेशन एवं वेब पोर्टल का शुभारम्भ किया जा चुका है। इसी के माध्यम से डिजिटल रूप में दीप जलाकर प्रतिभागी बनने का शुभ अवसर प्राप्त होगा।

## नागल ब्लॉक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व रेलवे रोड पर स्थित शिक्षण संस्थानों के पास तंबाकू विक्रय करने पर कोटपा - २००३ अधिनियम के अन्तर्गत हुऐ चालान/जुमार्ने के सम्बन्ध में।



संस्कार उजाला नेहा शर्मा

**सहारनपुर** मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 प्रवीण कुमार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवान जी के निदेर्शानुसार जिला तम्बाकू नियत्रंण कार्यक्रम की नोडल अधिकारी श्रीमति शिवांका गोड़ व जिला तम्बाकू नियत्रण कार्यक्रम के प्रवर्तन दल के नोडल अधिकारी, पुलिस अधीक्षक (यातायात) सहारनपुर सिद्धार्थ वर्मा जी के द्वारा कोटपा -2003 अधिनियम के अन्तर्गत निर्धारित प्लान अनुसार आज दिनांक :- 14.10.2024 सहारनपुर के ब्लॉक नागल में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं रेलवे रोड पर स्थित शिक्षण संस्थानों के आस पास के क्षेत्र में जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ की टीम एव ब्लॉक नागल थाना के पुलिस दल द्वारा संयूक्त रूप से कोटपा -2003 अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही की गई जिसमें ब्लॉक नागल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर और रेलवे रोड एवं शिक्षण संस्थानों के आस पास तंबाकू पदार्थ उपभोग और विक्रय करने वाले 05 व्यक्तियों पर जुमार्ना किया गया। कोटपा - 2003 अधिनियम सैक्शन 6(इ)के अंतर्गत शिक्षण संस्थानों के आस पास तंबाकू उत्पाद विक्रय करना प्रतिबंधित है और इन स्थानों पर धुम्रपान निषेध व उललघंन करने वालों पर जुमार्ना किया जायेगा। आज के प्रर्वतन कार्य में जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ से मुदस्सर अली (जिला सलाहकार), श्रीमति कविता कुमारी (सोशल वर्कर) एव पुलिस विभाग के ब्लॉक नागल थाना के एस एच ओ ज्ञानेश्वर बोर्ध जी व एस०आई० सोमेंद्र कुमार जी, और अरुण कुमार शर्मा , राकेश कुमार उपस्थित रहे। जनपद में यह अभियान प्लान अनुसार दोनो विभागों द्वारा नियमित रूप से जारी रहेगा।

## भारतीय किसान यूनियन रक्षक ने विभिन्न समस्याओं संबंधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा

### मासिक बैठक में छाया रहा गन्ना भुगतान का मुद्दा



संस्कार उजाला सहारनपुर

**सहारनपुर /** नागल सोमवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी वीरेंद्र सिंह ओहलान के निर्देश पर भारतीय किसान यूनियन रक्षक की मासिक बैठक का आयोजन खंड विकास कार्यालय में किया गया ,जिसमे विभिन्न समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया।इसके अलावा कार्यकताओं ने विभिन्न समस्याओं से सम्बन्धित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा । बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष राहुल फौजी ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन रक्षक किसानों व्यापारियों मजदूरों की विभिन्न समस्याओ के समाधान के लिए संघर्ष कर रही है। उन्होंने कहा कि बजाज मिल बकाया गन्ने का भुगतान नहीं कर रही है यह एक गंभीर विषय है ।अगर शीघ्र गन्ने का भुगतान नहीं किया जाता तो किसान यूनियन रक्षक एक बड़ा आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी। भारतीय किसान यूनियन के कार्यकताओं ने खंड विकास अधिकारी को दिए गए ज्ञापन में रेलवे रोड नागल में कैलाश विहार के मुख्य मार्ग पर आर सी सी की रोड का निर्माण, किसानों का बकाया गना भुगतान एवं गन्ने का मूल्य 600 रुपए प्रति कुंतल कराने, निराश्रित पशुओं को आश्रय गृहों में भेजने,नागल बाजार में शौचालय का निर्माण कराने, नागल ब्लॉक के गांव में पानी की टंकी के निर्माण कार्य के दौरान टूटी सीसी रोड को ठीक कराने, तालाबो पर अवैध निर्माण हटाने एवं सौंदर्यकरण करवाने, ग्राम बोहद्दूपुर में मुकेश सैनी के घर से माता के मन्दिर तक कुरडी कचरे का अंबार हटवाने की मांग की । बैठक में सुनील शास्त्री, रविन्द्र सैनी, मोहित गोयल, हेमंत अरोड़ा, साजिद,मनोज कुमार अब्दुल सलाम, अश्वनी कुमार, शिशपाल प्रधान, सीमा, रूपक चौधरी,छवि, सविता, अनीता बबली, गोपाल ,रमजानी, सत्तार, रोहित, मुस्तफा शामिल रहे।

### चेकिंग अभियान में कई जगह पकड़ी बिजली, 15 लाख वसूले

संस्कार उजाला सहारनपुर

**सहारनपुर।** विद्युत निगम की टीमों ने जिले भर में बड़े पैमाने पर चेकिंग अभियान चलाया। विद्युत निगम की टीमों ने कई जगहों पर चोरी पकड़ी है। इसके तहत 20 से अधिक उपभोक्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई और 15 लाख की वसूली भी की गई है। मुख्य अभियंता सुनील कुमार अग्रवाल ने बताया कि जिले भर की सभी डिवीजन में सुबह चार बजे से लेकर देर शाम तक विद्युत निगम की 20 टीमों ने छापेमारी की। इसके तहत देवंबंद, माहेश्वरी खुर्द, सोराना, मीरपुर, मुजफ्फराबाद, बेहट, रामपुर मनिहारान, नकुड़ क्षेत्र, तल्हेड़ी बुजुर्ग, सूबरी, माहिपुरा, निसार रोड, ढोलीखाल, खलासी लाइन, शारदानगर, मानकमऊ, नूरबस्ती में दो हजार से अधिक विद्युत कनेक्शन चेक किए। इसके तहत 20 से अधिक जगहों पर बिजली चोरी पकड़ी गई। यह उपभोक्ता केबिल में कट लगाकर विद्युत चोरी कर रहे थे। कई उपभोक्ताओं का बिजली का बिल जमा न होने की वजह से कनेक्शन कटा हुआ था, लेकिन यह विद्युत लाइनों पर केबिल डालकर चोरी करते पकड़े गए। इसके साथ ही 15 लाख रुपये जुमार्ने की वसूली की गई। कई जगहों पर मीटर बदलवाए गए और कनेक्शन काटे गए। संबंधित थाना क्षेत्रा में बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ एफआईआर कराई गई है। अभियान रहेगा जारी विद्युत निगम की द्वारा 20 दिन से चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन रविवार को विशेष अभियान चलाया गया। विद्युत निगम की टीमें अब तक करीब 1500 से अधिक जगहों पर बिजली चोरी पकड़ चुकी हैं और इतनी ही एफआईआर दर्ज कराई गई हैं। जिले में बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा और कार्रवाई होगी। आगामी दिनों में अभियान और तेजी से चलेगा। सुनील कुमार अग्रवाल, मुख्य अभियंता, विद्युत निगम सहारनपुर

# मिशन शक्ति फेज V के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को किया जा रहा जागरूक

संस्कार उजाला ब्यूरो
सीतापुर राकेश पाण्डेय।





उत्तर प्रदेश शासन की मंशानुसार प्रदेश में चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज–5 के तहत 14 अक्टूबर 2024 को पुलिस अधीक्षक सीतापुर चक्रेश मिश्र के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा,सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु विशेष अभियान ह्लमिशन शक्ति फेज–5ह्व के क्रम में समस्त थानों की महिला सुरक्षा पुलिस टीमो द्वारा सुरक्षा, शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत अपने अपने थाना क्षेत्र के अन्तर्गत पड़ने वाले भीड़ –भीड़ वाले इलाको ,सुनसान क्षेत्रों, मन्दिरो, कोचिंग संस्थानों,रेलवे स्टेशनों,बस स्टॉप आदि पर निरंतर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है तथा बेवजह घूमने वाले संदिग्ध व्यक्तियों/मनचलों आदि को कड़ी चेतावनी देते हुए बच्चों/ महिलाओं/ बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयास किये जा रहे है। साथ ही बच्चों/ महिलाओं/ बालिकाओं को सशक्त बनाने एवं जागरुक करने के उद्देश्य से जनपद के थाना लहरपुर टीम द्वारा लक्ष्मी पब्लिक स्कूल नबीनगर, थाना संदना टीम द्वारा प्रभुत्व अंबेडकर कन्या इंटर कॉलेज गोंदलमऊ,थाना रामपुर कलां टीम द्वारा शहीद भगत सिंह पूर्व माध्यमिक विद्यालय बेहमा, थाना सदरपुर टीम द्वारा ग्राम पोखराकलाँ,थाना नैमिषारण्य टीम द्वारा राम प्यारी मुन्नी देवी सहगल कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय,थाना सिधौली टीम द्वारा ग्राम गदौली में, थाना बिसवां टीम द्वारा प्राथमिक विध्यालय ग्राम सरांय,थाना मछरेहटा पुलिस टीम द्वारा सावित्री देवी इंटर कॉलेज,सूरजपुर में,थाना मानपुर टीम द्वारा ग्राम मुंडेरी एवं अन्य समस्त थानों के महिला सुरक्षा दलों/मिशन शक्ति पुलिस टीमों द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत ग्रामों/करबों/मोहल्लों/कोचिंग संस्थानों आदि में पुलिस की पाठशाला/चौपाल आदि लगाकर महिलाओं/ बच्चों/ छात्राओं को उनकी सुरक्षा व सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु सम्बन्धित समस्याओं एवं मुद्दों पर समझ बनाना व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण,पॉक्सो,बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी जा रही है। महिला हिंसा से सम्बन्धित अन्य शिकायतों के निवारण हेतु वीमेन पावर लाइन 1090,पुलिस आपात कालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076, चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098वन स्टॉप सेन्टर 181,साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन नंबर 102, एम्बुलेन्स सेवा 108,जन सुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क,राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

# खुटार सदस्यता अभियान में व्यक्तिगत तौर पर चौदह हजार सदस्य बनाने पर लहरपुर के पूर्व विधायक का हुआ सम्मान।

**सदस्यता संबंधी आयोजित कार्यशाला में निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के कार्य कताओं को दिए गए निर्देश।**

संस्कार उजाला
सीतापुर राकेश पाण्डेय।





भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर सक्रिय सदस्यता सम्बन्धी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी नीरज सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने की।कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला प्रभारी नीरज सिंह ने सक्रिय सदस्य बनने के लिए पार्टी द्वारा बनाए गए फॉर्मेट एवं क्रियाविधि के विषय में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी कार्यकर्ताओं वाली पार्टी है आज समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपनी सदस्यता का नवीनीकरण करके नए सदस्यों को पार्टी से जोड़ रहे हैं जिसका प्रत्यक्ष लाभ आने वाले चुनाव में पार्टी को ठीक उसी प्रकार मिलेगा जैसा कि हरियाणा विधान सभा में भारतीय जनता पार्टी को मिला है। कार्यक्रम को सेउता विधायक ज्ञान तिवारी ने सबोधित करते हुए कहा कि पूर्व के समय में जब टेक्नोलॉजी आज की अपेक्षा में कम विकसित थी तब हम सब कार्यकर्ता गांव –गांव जाकर लोगों से पांच रुपए का शुल्क लेकर प्राथमिक सदस्य बनाते थे तत्पश्चात पदाधिकारी व समर्थक सक्रिय सदस्य बनकर पार्टी की सेवा करते थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बचे हुए दिनों में कार्य की गति बढ़ाने का आवाह्न किया। कार्यक्रम को बिसवां विधायक निर्मल वर्मा क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा लहर पुर के पूर्व विधायक सुनील वर्मा ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ल द्वारा अपने उद्बोधन में पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से आवाह्न किया कि शेष हुए बचे दिनों में सभी पदाधिकारी व कार्य कर्ता व समर्थक अपनी ऊर्जा सदस्यता अभियान के प्रति समर्पित करें और ज्यादा से ज्यादा सदस्य बना कर पार्टी को मजबूत बनाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें। जिला अध्यक्ष ने सभी मोर्चों व मंडलों के अध्यक्षों से पार्टी का लक्ष्य पूरा कर दिशा निर्देशों के पालन करने का आवाह्न भी किया। इस अवसर पर व्यक्तिगत रूप से चौदह हजार सदस्य बनाने वाले लहरपुर के पूर्व विधायक सुनील वर्मा को जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला जिला प्रभारी नीरज सिंह व अन्य पार्टी नेताओं द्वारा सम्मानित किया गया।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला सदस्यता प्रमुख सुधाकर शुक्ला ने सभी पदाधिकारियों से सदस्यता की सम्पूर्ण प्रक्रिया के तहत अपने लक्ष्य को पूरा करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री विश्राम सागर राठौर द्वारा किया गया। इस अवसर पर महिला मोर्चा की क्षेत्रीय अध्यक्ष गोदावरी मिश्रा संजय मिश्रा नैमिष रतन तिवारी भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सचिन मिश्रा कंचन प्रभा पाण्डे, जितेन्द्र मेहरोत्रा अजय विश्वकर्मा, नीरज वर्मा राकेश त्रिपाठी, उदित बाजपेई अजय भार्गव विष्णु मौर्य, रोहित सिंह आकाश अग्रवाल सहित कार्य कर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### आरटीओ व पुलिस की लापरवाही से बाइक चालक दे रहे हादसों को दावत

संस्कार उजाला
सीतापुर राकेश पाण्डेय।



एक तरफ जहां शासन के निर्देश पर जनपदीय जिम्मेदार आम नागरिकों को सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध रहते हैं तो वहीं दूसरी तरफ जिले के हरगांव थाना क्षेत्र के अन्तर्गत थाने के सन्निकट हाइवे पर बाइक चालक आरटीओ व पुलिस की लापरवाही के चलते बाइक पर पांच छः सवारियां बैठाकर हादसों को दावत देते दिखाई पड़ रहे है। जानकारी के अनुसार जिले के हरगांव थाना क्षेत्र के अन्तर्गत थाने के सन्निकट हाइवे पर कस्बा हरगांव में थाना हरगांव के सामने बिना भय के मोटर साइकिल पर पांच से छः सवारियां बैठाकर जान जोखिम में डालकर धडल्ले से निकलते दिखाई दे रहे हैं।जिससे किसी भी समय कहीं पर भी कोई हादसा हो सकता है।जबकि हरगांव पुलिस हमेशा वाहन चेकिंग की बात करती है।लेकिन थाने के सामने का यह चित्र कुछ और ही कहानी बयां कर रहा है। फिलहाल बाइक चालकों में पुलिस का भय बिल्कुल भी नहीं है।

### श्री रामलीला मंच पर लक्ष्मण शक्ति हनुमान जी द्वारा संजीवनी बूटी लाये जाने का हुआ भव्य मंचन

संस्कार उजाला
सीतापुर राकेश पाण्डेय।



जिले के कस्बा लहरपुर के रामलीला मैदान पर वृंदावन धाम से आए हुए कलाकारों के द्वारा किए जा रहे मंचन की श्रृंखला में राम लीला के मंच पर सोमवार को लक्ष्मण शक्ति व हनुमान जी द्वारा संजीवनी बूटी लाये जाने का भव्य मंचन किया गया। रामलीला मैदान पर कलाकारों ने लंका विजय को लेकर चल रहे युद्ध में मेघनाथ व लक्ष्मण के मध्य हुए भीषण युद्ध में मेघनाथ के द्वारा शक्ति बाण के प्रयोग से लक्ष्मण जी के मूर्छित होने व भगवान राम के शोक व विभीषण के द्वारा लंका के सुषेण वैद्य को लाने व उनके द्वारा उपचार के लिए संजीवनी बूटी लाने का मंचन किया गया।इस मंचन में हनुमान जी के द्वारा संजीवनी बूटी की पहचान न कर पाने पर, पर्वत लेकर आने को दिखाया गया। संजीवनी बूटी के प्रयोग से लक्ष्मण जी की मूर्छा खत्म होने पर भगवान राम की सेना में हर्ष की लहर दौड़ गई। श्री रामलीला का मंचन देखने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं व बच्चे उपस्थित थे।

### महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह ने समाजवादी पार्टी को मजबूत बनाने के लिए फूंका बिगुल

संस्कार उजाला
सीतापुर राकेश पाण्डेय।



समाजवादी पार्टी के द्वारा पीडीए जनजागरण कार्यक्रम के तहत लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चनिया में समाजवादी पार्टी के महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह ने समाज वादी आन्दोलन के तहत पार्टी को मजबूत बनाने के उद्देश्य से महिलाओं को पार्टी की नीतियों से अवगत कराया। इस मौके पर सम्मान स्वरूप उन्होंने महिलाओं को साड़ियां वितरित कर उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधानसभाध्यक्ष मो.फुर कान खां,जिला उपाध्यक्ष विजय वर्मा,महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव प्रीति सिंह रावत,रिंकी सिंह,जिला सचिव बडकन्नू खां अल्प संख्यक सभा के अध्यक्ष वसीम खां,मो. रईस,कपिल मिश्र,हनीफ अंसारी सहित भारी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व प्रधान चनिया अमृत लाल यादव व गोविंद यादव के द्वारा किया गया।

### ग्यारह हजार रुपये की नकदी व सोने–चांदी के आभूषणों की बरामदगी के साथ दो शातिर अन्तर्जपदीय टप्पेबाज गिरफ्तार

संस्कार उजाला
सीतापुर राकेश पाण्डेय।




पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद में चोरी/नकबजनी/टप्पेबाजी जैसी घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुए घटनाओं के अनावरण व संलिप्त अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार के निकट पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी नगर अमन कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान दो शातिर अन्तर्जनपदीय टप्पेबाजों शहजाद पुत्र मकदूम अली निवासी मोहल्ला यासीन गंज थाना सहादत गंज जनपद लखनऊ,कल्लू उर्फ शहीद आलम पुत्र स्व० सलीम निवासी मोहल्ला यासीन गंज थाना सहादत गंज जनपद लखनऊ को रोटी गोदाम तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की जामा तलाशी में उनके पास से कुल ग्यारह हजार रुपये की नकदी,दो अदद अंगूठी पीली धातु एक अदद चैन पीली धातु,एक जोडी पायल सफेद धातु, चार अदद मोबाइल व घटना में प्रयुक्त एक अदद मोटर साइकिल बजाज पल्सर बरामद हुए। बरामदगी के सम्बन्ध में अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि हम दोनो राह चलते अनपढ़ व सीधी सादी महिलाओं की रैकी कर उन्हें अपने जाल में फंसा कर उनसे धोखा–धड़ी कर गहना व जेवर ले लेते थे,व मिले रुपयों/जेवरों को बेचकर अपना जीवनयापन करते थे। दिनांक 04 अक्टूबर 2024 को हम दोनों ने सीतापुर शहर के सिविल लाइन क्षेत्र में एक अकेली महिला को अपने झांसे में लेकर उसके घर जाकर सोने चांदी के जेवरात व नगदी ले ली थी और मौके से भाग गये थे। उक्त बरामद हुए बचे शेष आभूषण व शेष बचे पैंतालिस सौ रुपए उसी महिला के है। दिनांक 09 अक्टूबर 2024 को हम दोनों ने जनपद पीलीभीत के सुनगढ़ी थाना क्षेत्र में ओजस्वी अस्पताल के पास एक महिला से उसके घर में शनि का प्रकोप बताकर कष्टों के निवारण हेतु उपाय बताते हुए धोखाधड़ी कर महिला के पहने हुए कान के टॉप्स,कुंडल,चैन आदि उतरवा कर वहां से भाग गये थे।सारा जेवर हमने कानपुर नगर में चौक सराफा नारियल बाजार में बेच दिए थे। बेचे गये माल से मिले रुपए में से कुछ रुपये खर्च हो गये व उसी में से बचे हुए रुपये पैंसठ सौ हैं। इससे पहले दिनांक 12मार्च 2024 को दोपहर में सीतापुर शहर लाल कपड़ा कोठी के पास एक महिला के साथ धोखाधड़ी करके कुछ जेवरात लिए थे जिसे हम दोनों ने कानपुर नगर में ही बेच दिए थे। घटनाओं के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर मु.अ.सं. 371/24 धारा 123/304 इठर तथा मु.अ.सं. 88/24 धारा 420/379 IPC पंजीकृत है। घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट सीज किया गया।कठोर कार्यवाही हेतु दोनों अभियुक्तों का चालान सम्बन्धित न्यायालय में किया जा रहा है। जनपद में अपराधियों के विरूद्ध निरन्तर कार्यवाही इसी प्रकार प्रचलित रहेगी। इन टप्पेबाजों की गिरफ्तारी में कोतवाली नगर पुलिस टीम के उप निरीक्षक ज्योति विश्नोई,विनोद कुमार गिरी, आरक्षी यशवंत नेगी, दीपक चौधरी,प्रिंस तोंगर, सुरेन्द्र कुमार शामिल रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### मण्डलीय पेंशन अदालत जनसुनवाई 05 नवंबर को

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा



आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल, बाँदा बाल कृष्ण त्रिपाठी के निर्देश के क्रम में उनकी अध्यक्षता में दिनांक 05–11–2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे, आयुक्त कार्यालय, बांदा में मण्डलीय पेंशन अदालत एवं सेवा निवृत्त अध्यापकों/ कर्मचारियों के लम्बित देयकों के सम्बन्ध में जनसुनवाई पूर्व की भांति आयोजित की जायेगी। पेंशन अदालत से सम्बन्धित वाद पत्र/प्रत्यावेदन निर्धारित प्रारूप पर तीन प्रतियों में तथा जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायती पत्र दो प्रतियों में कार्यालय अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, चित्रकूटधाम मंडल, बाँदा में पंजीकृत डाक से अथवा व्यक्तिगत रूप से दिनांक 21–10–2024 के सांय 04:00 बजे तक प्राप्त कराये जा सकते हैं। पेंशन अदालत से सम्बन्धित बाद पत्र तथा जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायती पत्र की एक प्रति कर्मचारी अपने मूल कार्यालय में प्राप्त करायेंगे।

### डीएम की उपस्थिति में 35 नवजात बालिकाओं का जन्मदिवस केक काटकर मनाया गया



संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा
प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु 'मिशन शक्ति फेज–05 के अंतर्गत एक विशेष अभियान शारदीय नवरात्र से संचालित किया गया है। उक्त अभियान के अन्तर्गत जागरूकता की कडी में दिनांक 14 अक्टूबर, 2024 को मण्डलीय चिकित्सालय, बाँदा में नगर पालिका परिषद बाँदा की अध्यक्षा मालती बासू, जिलाधिकारी बाँदा एवं मुख्य विकास अधिकारी बाँदा की उपस्थिति में 35 नवजात बालिकाओं का कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान केक काटकर 35 बालिकाओं का जन्मोत्सव मनाया गया। नवजात बालिकाओं को बेबी केयर किट व माताओं को उपहार व एक वृक्ष प्रदान किया गया। मालती बासू द्वारा नवजात बालिकाओं के परिजनों को बच्चियों की अच्छी तरीके से परवरिश, पालन– पोषण एवं देखरेख करने के लिए प्रेरित किया गया तथा बालक–बालिका में किसी भी तरह का भेदभाव न करने, बालिकाओं को शिक्षित बनाने और उनको सुरक्षा व सम्मान देने की बात भी अध्यक्षा द्वारा कही गयी। नवजात बालिकाओं के माताओं व उनके परिजनों को कार्यक्रम में उपस्थित उच्च अधिकारियों द्वारा वृक्षारोपण को बढावा देने हेतु एक–एक पौधा भी भेंट किया गया। नवजात बालिकाओं के माताओं द्वारा कार्यक्रम के दौरान बुन्देली लोक गीतों को गाकर हर्षोउल्लास के साथ कन्या जन्मोत्सव मनाया गया। जिलाधिकारी बाँदा द्वारा बालिकाओं हेतु सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं जैसे–मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, जननी सुरक्षा योजना, धात्री महिलाओं को आँगनबाडी कार्यकत्रियों द्वारा पुष्टाहार वितरण आदि के बारे में जानकारी देकर इन योजनाओं से लाभान्वित कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका परिषद बाँदा की अध्यक्षा मालती बासू, नगेन्द्र प्रताप जिलाधिकारी बाँदा, वेद प्रकाश मौर्य मुख्य विकास अधिकारी बाँदा, अनिल कुमार श्रीवास्तव मुख्य चिकित्सा अधिकारी बाँदा, पुष्पेन्द्र सिंह उप निदेशक, महिला कल्याण चित्रकूटधाम मण्डल बाँदा, मीनू सिंह जिला प्रोबेशन अधिकारी बाँदा, डॉ० एच०डी० त्रिपाठी मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला चिकित्सालय, बाँदा आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ० अर्चना भारती द्वारा किया गया।

# डीएम ने विकास कार्यों में तेजी लाकर कार्य को समय से संपन्न कराने हेतु अधिकारियों को किया निर्देशित

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा



**बांदा** जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड से सम्बन्धित विकास कार्यों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना, श्रम कल्याण योजना तथा पन्द्रवें वित्त आयोग के कार्यों की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को प्रगति में तेजी लाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारियों एवं एडीओ पंचायत को लक्ष्य का आवंटन कर ग्रामों में तेज गति से कार्यों को कराने के निर्देश दिये। उन्होंने डीसी एनआरएलएम को समूहों को बैंको से समन्वय कर शीघ्र ऋण दिलाये जाने तथा अवशेष समूहों को सक्रिय किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को मॉडल गॉवों में विकास कार्यों को पूर्ण कराये जाने तथा व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण की प्रगति में तेजी लाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को इन कार्यों की नियमित समीक्षा भी करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के आवासों की जीओ टैगिंग कराकर शीघ्र प्रेषित करने के निर्देश दिये, जिससे कि आवासों को स्वीकृत कर धनराशि का प्रेषण किया जाए। उन्होंने सहकारिता विभाग के ऋण वसूली की समीक्षा करते हुए शत–प्रतिशत रूप से ऋण की वसूली किये जाने के निर्देश सहायक निबन्धक सहकारिता को दिये। उन्होंने विश्वकर्मा श्रम कल्याण योजना के अंतर्गत श्रमिकों को टूल कट दिलाया जाने तथा प्रशिक्षण दिलाया जाने के संबंध में जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक को निर्देशित किया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, पीडी डीआरडीए सहित खण्ड विकास अधिकारी एवं सम्बन्धित विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# मैनपावर बढ़ा गुणवत्तापूर्ण कार्य समय से कराएं अधिकारी : मंडलायुक्त

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा



आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बॉदा बाल कृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आयुक्त ने जल जीवन मिशन के अन्तर्गत किये जा रहे कार्यों के अन्तर्गत ओवर हेड टैंको के निर्माण की स्थिति, सड़क मरम्मती करण के कार्य तथा जलापूर्ति की समीक्षा करते हुए कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश दिये कि मैन पावर को बढाते हुए सभी गॉवों में जलापूर्ति एवं सड़कों की मरम्मत का कार्य गुणवत्ता के साथ तेज गति से पूर्ण करायें। उन्होंने जल जीवन मिशन से सम्बन्धित शिकायतों का स्थलीय निरीक्षण कर गुणवत्ता के साथ शिकायत का निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिशाषी अभियंता जल निगम चित्रकूट को शिकायतों का गुणवत्तायुक्त निस्तारण न करने पर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने जनपद बॉदा में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यदायी संस्था एनसीसी को 31 अक्टूबर तक सभी कार्यों को पूर्ण करने तथा एल एण्ड टी कार्यदायी संस्था को ओएचटी का निर्माण एवं जलापूर्ति सभी गॉवों में 15 नवम्बर, 2024 तक किये जाने के निर्देश दिये। जनपद चित्रकूट में जल जीवन मिशन की कार्यदायी संस्था एल एण्ड टी तथा जीवीपीआर के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश दिये कि सभी ओएचटी का निर्माण तथा जलापूर्ति का कार्य प्रत्येक दशा में दिसम्बर, 2024 तक पूर्ण किया जाए अन्यथा कडी कार्यवाही की जायेगी। जनपद महोबा एवं हमीरपुर में जल जीवन मिशन में कार्यदायी संस्था को मैन पावर बढाते हुए 31 अक्टूबर तक सभी कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने सड़कों की मरम्मत के कार्य में भी तेजी लाते हुए जिन सड़कों एवं खडन्जों को तोडकर पाइपलाइन डाली गई है, उसकी मरम्मत पूर्व की भांति गुणवत्ता के साथ करें, अन्यथा कमी पाये जाने पर सम्बन्धित कार्यदायी संस्था एवं जांच कर रही थर्ड पार्टी संस्था के विरूद्ध भी कडी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश दिये कि किसी भी गॉव एवं मजरे के सभी घरों में कनेक्शन पूर्ण कराये जाने के साथ दिन में दो बार अवधि निर्धारित करते हुए सभी घरों में नियमित जलापूर्ति करायी जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि यदि विद्युत की समस्या है तो डीजीसेट को संचालित कर नियमित जलापूर्ति करायें, इस कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिये कि निर्धारित रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें एवं किसी प्रकार की फाल्ट या विद्युत समस्या होने पर उसका शीघ्र निस्तारण करते हुए ठीक करायें। बैठक में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे हमीरपुर सुरेश कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे महोबा मो० मोइनुल इस्लाम, मुख्य विकास अधिकारी बॉदा वेद प्रकाश मौर्य सहित अन्य जनपदों के मुख्य विकास अधिकारी, अधिशाषी अभियंता जल निगम तथा कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## नगर विकास राज्य मंत्री को राजा टोडरमल स्मारक समिति के राष्ट्रीय संस्थापक अध्यक्ष ने सौंपा नौ सूत्रीय मांग पत्र।

संस्कार उजाला
सीतापुर राकेश पाण्डेय।



राजा टोडरमल स्मारक समिति राजस्व सुरक्षा सेवादल (आर एस एस डी) के राष्ट्रीय संस्थापक अध्यक्ष संजय पुरी ने नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु को उनके आवास पर पहुंच कर राजा टोडरमल पार्क का सौंदर्यीकरण कराये जाने को लेकर नौ सूत्रीय मांग पत्र उनके कार्यालय में मौजूद महेश कुमार को सौंपा। नौ सूत्रीय मांग पत्र के माध्यम से राजा टोडर मल पार्क के अन्दर चौमुखी विकास हेतु लाइब्रेरी खाली कराने के साथ–साथ कम से कम एक कमरा बनाने की व्यवस्था कराई जाए,लहर पुर मेन गेट बिसवां तिराहा निकट हिंदू श्मशान घाट का सौंदर्यीकरण व राजा टोडर मल की प्रतिमा लगाते हुए आदर्श तालाब बनवाया जाए। अनियां कलां में राजा टोडर मल सरोवर धाम व स्मृति वाटिका का नवीनीकरण तहसील लहरपुर में कराया जाए।तहसील प्रांगण में राजा टोडरल मल पार्क का सौंदर्यीकरण कराया जाए। नैपालापुर में राजस्व जनक राजा टोडर मल मार्ग बनवाया जाए।राजापुर गांव में पचासी बीघा तीर्थस्थल तहसील लहरपुर जो 1572 में बनाया गया था,तम्केश्वर नाथ का जीर्णोद्वार कराया जाए।फतेहपुर सीकरी जनपद आगरा में मेन गेट का नाम राजा टोडर मल स्मृति द्वार एवं प्रतिमा पहचान बनवाया जाये। राजा टोडरमल का बसाया गांव टोडरपुर टोडरा को आदर्श गांव का (ग्राम सभा बीहट बीरमपुर तहसील मिश्रिख का निर्माण कराया जाए।नगर पालिका परिषद सीतापुर में लालबाग से आंख अस्पताल रोड तक व लालबाग चौराहा से गोपाल घाट मार्ग का डामरीकरण कराया जाए सीतापुर में शोध संस्थान राजा टोडर मल के नाम पर मिट्टी शोध संस्थान रिकॉर्ड रूम राजा टोडरमल के नाम से कराया जाए।विकास कार्य कराने की मांग की। इस मौके पर भारतीय मजदूर किसान वेलफेयर एसोसिएशन के संस्थापक अध्यक्ष जागेश्वर वर्मा भारतीय मजदूर किसान वेलफेयर एसोसिएशन जिला अध्यक्ष / जिला मीडिया प्रभारी सन्तोष कुमार राव,अरुण कुमार राज,अवनीश कुमार, प्रेम कुमार सहित पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

# विशेष संचारी रोग अभियान की हुई द्वितीय समीक्षा बैठक।



संस्कार उजाला संवाददाता
सीतापुर राकेश पाण्डेय।
चौदह अक्टूबर 2024 सायं 4 बजे विशेष संचारी रोग अभियान की द्वितीय समीक्षा बैठक का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.हरपाल सिंह द्वारा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान में सम्बन्धित विभागों द्वारा की जा रही गतिविधियों की सराहना की गई,डा. दीपेन्द्र द्वारा अभियान की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। डब्ल्यू एच ओ व यूनीसेफ द्वारा मानीटरिंग डाटा प्रस्तुत किया गया जिसमें पंचायती राज विभाग द्वारा अट्ठानबे प्रतिशत शिक्षा विभाग द्वारा सौ प्रतिशत कृषि विभाग द्वारा निन्यानबे प्रतिशत पशुपालन विभाग द्वारा सौ प्रतिशत,स्वच्छ भारत मिशन द्वारा सत्तानबे प्रतिशत की गयी गति विधियां सही पायी गयी। बैठक में मुख्य पशु अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,पंचायती राज अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी,नगर विकास विभाग,अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा.अनूप श्रीवास्तव, डा.कमलेश चन्द्रा उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा.संजय श्रीवास्तव,जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी के.एन.मिश्र सहित समस्त अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उपस्थित रहे।

# डांडिया नृत्य में महिलाओं ने दिखाई प्रतिभा, मंत्रमुग्ध हुए लोग

## बस्ती में दिखा कला और संस्कृति के विविध रूपों का खूबसूरत संगम





**बस्ती।** के जिला अस्पताल के पास स्थित एक मैरेज लॉन में कल्चरल क्वेस्ट नृत्य धाम की ओर से शानदार डांडिया नृत्य आयोजन किया गया, जिसमें कला और संस्कृति के विविध रूपों का खूबसूरत संगम देखने को मिला। डांडिया रास, गरबा और धुनुची नृत्य के रंगीन स्वरूपों ने सभी का दिल जीत लिया। स्थानीय कलाकारों और परिवारों ने रंग-बिरंगे परिधानों में नृत्य करते हुए भारतीय संस्कृति को साकार किया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे और उन्होंने इस मनोरम नृत्य का खूब आनंद कार्यक्रम की खासियत यह रही कि महिलाओं ने देर रात तक गरबा और डांडिया के साथ धुनुची नृत्य में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रंगीन डांडिया और ताली की ताल पर झूमते हुए, हाथ में मिट्टी के पात्र में नारियल, जलते हुए कोयले, कपूर और हवन सामग्री के साथ धुनुची पकड़कर महिलाओं ने पारंपरिक नृत्य का शानदार प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी राना दिनेश प्रताप सिंह, सुभाष जोशी और राज्य ललित कला अकादमी के सदस्य डॉ. नवीन श्रीवास्तव सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन और देवी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम का संचालन मास्टर शिव ने बड़ी कुशलता से किया, जबकि भक्ति गीतों की प्रस्तुति आंशी, शालिनी, काव्या, माही, तनिष्क और प्रियंका ने दी, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह इस मौके पर बेहतर प्रस्तुति देने वाले प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया। अर्चना वर्मा, शबी श्रीवास्तव, प्रिया तिवारी, आरती और लक्ष्मी के समूह, साथ ही राहुल, महिमा सिंह और रंजना यादव को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। डांडिया उत्सव में मुख्य रूप से शुभम गुप्ता, देवेश चौधरी, आदित्य सोनकर, कमलेश, शुभम वर्मा, अंशिका वर्मा, खुशी मल्होत्रा, हरप्रीत कौर, सुधा, पिंकी, अरिहन्त, रामानंद, प्रतीक्षा दूबे, प्रियांशी पाल, सचिन मिश्र शास्त्री, अदिति तिवारी, कल्पना चौधरी, खुशी, गरिमा, सिद्धार्थ, राधे, राधिका, अभय, रेखा सहित कई परिवारों ने भाग लिया। नवरात्रि के इस उत्सव ने शहर के सांस्कृतिक माहौल को नई रौनक दी।

## ग्रामीण क्षेत्र के लिए एक अलग पहचान बनायेगा सीमेंटेड ईंट उधोग:रूद्र प्रकाश सिंह



संवाददाता

**कुशीनगर।** तहसील क्षेत्र के पतया में इट उधोग का शुभारंभ कुशीनगर विधायक पीएन पाठक के प्रतिनिधि रूद्र प्रकाश सिंह ने फीता काट कर किया।

ग्रामीण क्षेत्रों में इट की मांग को देखते हुए पतया के ग्राम प्रधान समीउल्लाह खां ने नयी विधि से बनने वाली सिमेन्ट ईंट उधोग लगाया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक के प्रतिनिधि श्री सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस उधोग से उच्च क्वालिटी के सिमेन्ट इंट का उत्पादन होगा और इसका लाभ आप सभी लोग उठा सकते हैं। यह ईट कम दाम पर उपलब्ध होगा और क्वालिटी में दम रहेगा। इट उधोग के प्रबंधक श्री खान ने कहा कि हमारे यहां सस्ते और अच्छे क्वालिटी में ईंट उपलब्ध कराने का मेरा प्रयास होगा। इस अवसर पर ग्राम प्रधान डिम्पल पांडेय, अजित कुशवाहा, राम आश्रय, सतेन्द्र सिंह, मंसूर अली, चांद खा, दुर्गेश जयसवाल, प्रशान्त किशोर यादव, अमित मद्धेशिया, सुशील भारती, अजय जायसवाल, त्यागी, लखन मद्धेशिया, जोगिंदर मद्धेशिया मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत आयोजित शिविर में 76 ट्रक चालकों ने नेत्रों की हुई जांच



**सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें:आरपी सिंह**

संवाददाता

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 2 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक चलाये जा रहे सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के क्रम में ट्रक चालकों को सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक किया गया और आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 75 ट्रक चालको के नेत्रों की जांच कर उन्हें चश्मा वितरित किया गया। सोमवार को एवरग्रीन सोशल वेलफेयर सोसाइटी गोरखपुर द्वारा आयोजित शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ ओमप्रकाश शर्मा, डॉ दिलीप शर्मा ने ट्रक चालकों के नेत्रों की निःशुल्क जांच की और आंख की देखभाल व सुरक्षा के लिए परामर्श दिए। शिविर का शुभारंभ एआरटीओ कुशीनगर के प्रतिनिधि ऑफिस सुपरिटेंडेंट आरपी सिंह व टोल प्रबन्धक अमित कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। श्री सिंह ने बताया कि जीवन बहुत ही मूल्यवान है। जब आप घर से बाहर होते हैं तो घर पर मां, पत्नी, बच्चे, रिश्तेदार आपकी राह देखते रहते हैं। इसलिए सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें और सुरक्षित रहें। संचालन कर रहे आयोजक संस्था एवरग्रीन सोशल वेलफेयर सोसाइटी गोरखपुर के अध्यक्ष डॉ सतीश चंद्र श्रीवास्तव ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि संस्था द्वारा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत वाहन चालकों और आम लोगों को जानकारी दी जा रही है। इस दौरान सहायक नवीन चावला, हरीलाल सहित ट्रक चालक व अन्य वाहनों के चालक मौजूद रहे।

# हरिकथामृत के लिए आज निकलेगी शोभा यात्रा



संवाददाता

**कुशीनगर।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में स्थानीय पावानगर महावीर इंटर कालेज में पांच दिवसीय श्री हरिकथामृत के लिए विधि विधान से भूमि पूजन किया गया। मंगलवार से होने वाले इस कथा के लिए सोमवार को दिन के तीन बजे से कथा स्थल का आचार्यों ने विधि विधान से पूजा कराया। इस आयोजन के लिए शिष्य एक सप्ताह से मंच, पंडाल सहित श्रोताओं के बैठने के व्यवस्था में रहे। मंगलवार को सुबह नौ बजे से पूरे कस्बे में शोभा यात्रा निकाली जायेगी। जिसमे क्षेत्र के महिला पुरूष श्रद्धालु सम्मिलित होगे। शाम को चार बजे से कथा का शुभारंभ होगा। यह कथा प्रत्येक दिन शाम चार बजे से रात्रि सात बजे तक होगा। इस आयोजन में रामाधार शर्मा, परशुराम जायसवाल, दुर्गेश सिंह, नन्दलाल सिंह, शेषमुनि गुप्ता आदि का विशेष योगदान है।

# गायत्री ज्ञान मंदिर का ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत में 424 वाँ युगऋषि वाङ्मय की स्थापना

**वर्तमान समय में ज्ञान दान युग धर्म है।.....उमानंद शर्मा**



संस्कार उजाला

गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत ह्यह्यएन्क्राइट इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस बिजनौर लखनऊ के केन्द्रीय पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 424वाँ ऋषि वांड़मय की स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रीय कार्यकत्री श्रीमती मुन्नी देवी जी ने अपने प्रिय जीवनसाथी स्व. राज वल्लभ दास गुप्ता जी की स्मृति में भेंट किया तथा सभी छात्र-छात्राओं, संकाय सदस्यों, विभागाध्यक्षों एवं फामेर्सी के अधिकारीगणों को (हिन्दी) अखण्ड ज्योति पत्रिका भेंट की। इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ह्यह्यवर्तमान समय में ज्ञान दान युग धर्म है। संस्थान के प्रधानाचार्य प्रो. अरूण ने धन्यवाद ज्ञापन व्यक्त किया। इस अवसर पर उमानंद शर्मा, सर्वश्री, देवेन्द्र सिंह, विजय, श्रीमती मुन्नी देवी एवं संस्थान के चेयरमैन डॉ. कीर्ति कुमार, सी.ओ.ओ. डॉ. रितिका रोहतांगी अरोरा, सी.ई.ओ. श्री करन रोहतांगी, श्री अर्जुन रोहतांगी, श्री सुनील रोहतांगी, श्रीमती निविदिता रोहतांगी विभागाध्यक्ष, चिकित्सकगण एवं छात्र-छात्रायें मौजूद थे।

# विसर्जन:भींगी पलकों से दी माँ दुर्गा व देवी देवताओं की विदाई



संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** नवरात्र के अवसर पर नगर पालिका कुशीनगर सहित ग्रामीण इलाकों में स्थापित शक्ति स्वरूपा माँ दुर्गा व देवी देवताओं की प्रतिमा का विसरजन गाजे बाजे के साथ नदी नालों में किया गया। सोमवार की शाम को दुर्गा पांडाल में स्थापित प्रतिमाओं की आचार्य गण के मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजन अर्चन किया गया। इन अवसर पर महिलाओं ने देवी गीत गाये और आरती उतारी। ट्रेक्टर ट्राली के अलावा अन्य वाहनों से प्रतिमाओं को ले जाया गया। इस दौरान डीजे व फिल्मी धुन पर थिरकते व अबीर गुलाल उड़ाते युवा मां के जयकारे लगा रहे थे।

नगर के कसया देवरिया मार्ग, गोरखपुर मार्ग, सपहा मार्ग, पडरौना मार्ग, गोपालगढ़ बाईपास, बुद्ध मार्ग, बुद्धा गेट, बुद्धा घाट सहित विभिन्न वार्डों में सजे माँ भगवती की प्रतिमाओं को छोटी गण्डक, सोनरा, घाघी, बाड़ी, खनुआ आदि नदियों व पोखरों में विसरजीत किया गया। प्रशासन के निर्देश पर नगर व ग्राम प्रशासन ने विसर्जन घाटों पर साफ सफाई के साथ जरूरी व्यवस्था चाक चौबंद रखी थी। दौरान एसएचओ कसया गिरिजेश उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को

## स्थापना दिवस पर सम्मानित हुए पत्रकार



संवाददाता

**कुशीनगर।** जनपद के थाना अहिरौली बाजार अंतर्गत जगदीशपुर धर्मदानी में विद्यार्थी पी जी कॉलेज के मीटिंग हॉल में निर्वाण टाइम्स का दसवां स्थापना दिवस समारोह का सफल आयोजन सम्पन्न हुआ। स्थापना दिवस समारोह के मुख्य अतिथि फणीन्द्र पाण्डेय रहे। मंच का संचालन उमाशंकर त्रिपाठी तथा समारोह की अध्यक्षता मसरूर रिजवी ने किया। ₹हमारे अल्फाज के कुछ मायने होने चाहिए, हमारे अंदाज के कुछ कायदे होने चाहिए। हम लिखते हैं जिस कलम से खबर की खबर, उन खबरों के कुछ पहचान होने चाहिए। समारोह के मुख्य अतिथि ने पत्रकार और पत्रकारिता पर सूक्ष्मतम विश्लेषण किया तो वहीं विशिष्ट अतिथि बेचू बी ए एवं दिनेश यादव ने कविता तथा लोक कथा के माध्यम से समाज के प्रति पत्रकार की भूमिका पर प्रकाश डाला। महराजगंज जिला प्रभारी मृत्युंजय मिश्रा द्वारा सभी पत्रकार साथियों को पत्रकारिता जगत में लेखनी पर प्रकाश डाला। जिला प्रभारी कुशीनगर मसरूर रिजवी ने आए हुए सभी वरिष्ठ सम्मानित पत्रकार साथियों का स्वागत अभिनंदन करते हुए कुशीनगर निर्वाण टाइम्स के सभी पत्रकार साथियों का आभार व्यक्त किया। नसरुल्लाह अंसारी ने कहा कि पत्रकारिता यदि जनसरोकार से जुड़ी है तो उसे कोई चाह कर भी दबा नहीं सकता है। लेकिन समाचार लिखते वक्त ध्यान रहे की भाषा का प्रयोग जनता की बोलचाल की हो कार्यक्रम में ज्ञानेंद्र पाण्डेय, अविनाश सिंह, जितेंद्र भारती, अमरनाथ यादव, अनिल यादव, चंद्र प्रकाश त्रिपाठी, प्रमोद पाण्डेय, साबिर अली, महेश पासवान, फतेह आलम खान, मुस्तफा अली, आदित्य गुप्ता, मुबारक हुसैन, सरताज आलम, जितेंद्र भारती, हरेंद्र भारती आदि पत्रकार उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### घर बेचकर बेटे को जेल से निकाला



**कानपुर।** 'मेरा बेटा बेगुनाह था। पुलिस के सामने गिड़गिड़ाती रही, हाथ-पैर जोड़ती रही। साहब एक बार मामले की जांच कर लीजिए, मेरा बेटा निर्दोष है। उसे नाबालिग से झूठे रेप केस में फंसाया जा रहा है। रंजिश में बदला लेने के लिए यह सब साजिश रची गई। लेकिन, पुलिस ने एक नहीं सुनी। मेरे बेटे को जेल में डाल दिया।' ऐसा कहते हुए मीना देवी का गला भर आता है। कानपुर की मायापुरम बस्ती साइट नंबर-2 में उनका घर है। मीना कहती है- साहब, भगवान के घर देर है, अंधेर नहीं। कोर्ट ने मेरे बेटे को बेगुनाह साबित कर दिया। लेकिन जो कलंक मेरे बेटे और परिवार के सिर पर लगा है, उसके दाग नहीं धुल सकते। अब हम इतना जानते हैं कि मेरा बेटा आ गया, यही काफी है। केस कानपुर के पनकी थाने का है। मीना देवी का बेटा गोविंद निषाद (22) अब उनके साथ है। उसे शनिवार देर शाम कानपुर सेंट्रल जेल से रिहा कर दिया गया। मीना बेटे को अब अपनी आंखों से दूर नहीं होने देतीं। पूरा केस समझने के लिएपूरा मामला क्या था? आखिर क्यों गोविंद निषाद पर रेप का आरोप लगाया गया? कोर्ट में क्या सुनवाई हुई? जज ने क्या फैसला सुनाया? जेल से निकले गोविंद ने क्या कुछ कहा? 28 अक्टूबर 2023। पनकी थाने में एक 60 साल की महिला पहुंचती है। पुलिस वालों से कहती है- साहब मेरी नातिन के साथ रेप हुआ है। घर के पास रहने वाले गोविंद निषाद ने उसके साथ गलत काम किया। चीखने-चिल्लाने पर जब हम लोग पहुंचे, तो गोविंद हमें चाकू दिखाने लगा। उसने हमें जान से मारने की धमकी दी और भाग निकला। घटना 26 अक्टूबर की शाम को हुई। शिकायत मिलने के बाद पनकी पुलिस ने 29 अक्टूबर को FIR दर्ज की। फिर गोविंद की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी गई। उसे उसके रिश्तेदार के यहां से 30 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने पीड़िता का मजिस्ट्रेट बयान करवाया। इसमें लड़की ने साफ कहा- मेरे साथ रेप हुआ है।पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर गोविंद निषाद के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। बर्थ सर्टिफिकेट और आधार कार्ड के मुताबिक, लड़की नाबालिग थी। इसलिए पुलिस ने पॉक्सो की धारा बढ़ाई। गोविंद को जेल भेज दिया गया। इधर, उसके परिजन लगातार पुलिस से कहते रहे कि उनका बेटा निर्दोष है।

### युवती को ब्लैकमेल करने पर केस दर्ज



**गोरखपुर।** में एक युवक ने दोस्ती के बहाने लड़की का नहाते समय धोखे से वीडियो बना लिया। वीडियो के जरिए युवक उसे ब्लैकमेल कर रहा था और संबंध बनाने के लिए मजबूर कर रहा था। तंग आकर युवती ने पुलिस से मदद मांगी, जिसके बाद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज हुआ। पढ़ाई के लिए गोरखपुर आई, दोस्ती में फंसी मूल रूप से बिहार के गोपालगंज की रहने वाली पीड़िता गोरखपुर में पढ़ाई कर रही है। उसने बताया कि उसकी दोस्ती कुशीनगर निवासी एक युवक से हुई, जो बाद में उसके विश्वास का गलत फायदा उठाने लगा। परीक्षा के दौरान वह युवक के घर गई, जहां उसने नहाते वक्त उसका वीडियो बना लिया। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर संबंध बनाने का दबाव वीडियो बनाने के बाद युवक ने ब्लैकमेल करना शुरू किया। जब लड़की ने युवक की बात को मानने से इनकार किया, तो उसने वीडियो वायरल करने की धमकी दी। परेशान होकर लड़की ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई, जिसके बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उनका कहना है कि यदि जांच में आरोप साबित होते हैं, तो आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पीड़िता को सुरक्षा का आश्वासन देते हुए पुलिस ने कहा कि दोषी को किसी भी हाल में छोड़ा नहीं जाएगा।

### तीन दिन बाद गैंगरेप पीड़िता का मेडिकल कंपलीट



**बस्ती।** लालगंज के एक गांव की रहने वाली गैंगरेप पीड़िता का मेडिकल आखिरकार तीसरे दिन कम्प्लीट हो गया है, जिसके बाद आरोपियों की धड़कने बढ़ गई है। सूत्रों की मानें तो अब वे बचने का तरीका ढूंढ रहे हैं और इसके लिए तरह-तरह के हथकंडे भी अखतियार कर रहे हैं। सोमवार की सुबह लगभग 11 बजे पीड़िता मेडिकल कराने के लिए पहुंची थी। कुछ ही देर बाद महिला कांस्टेबल भी आ गई। इस बार उसे ज्यादा देर तक मेडिकल के लिए इंतजार नहीं कराया गया। पीड़िता का मेडिकल हो गया है, जिससे अब न्यायिक प्रक्रिया में तेजी जा जाएगी, पीड़िता को आरोप सही पाए जाने पर दोषियों की मुश्किलें बढ़ेंगीं। पुलिस पहले ही करा चुकी बयान पुलिस ने पीड़िता का बयान पहले ही दर्ज कर लिया है, इसके बाद अब मंगलवार को उसका 164 का बयान मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज होगा, जिसे लेकर अब आरोपियों में हड़कंप मचा हुआ है। मजिस्ट्रेट के सामने जो बयान होगा वही अब सब जगह मान्य होगा।

### पुलिस ने बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति क्या जागरूक



**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के सरीला क्षेत्राधिकारी ने मिशन शक्ति अभियान फेजझ्र श के तहत महिलाओं/ बालिकाओं को उनके अधिकारों व सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया। जबकि मिशन शक्ति के तहत चिकासी पुलिस टीम के साथ थाना क्षेत्र पण्डित दीनदयाल इण्टर कॉलेज चिकासी हमीरपुर में जाकर बालिकाओं, महिलाओं को आत्मरक्षा, गुड टच एवं बैड टच सहित उनके अधिकारों व महिला सम्बन्धी अपराध से बचाव हेतु उपायों के बारे में जागरूक किया गया जबकि साइबर अपराध से बचाव के बारे में जानकारी साझा की गई साथ ही साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 के उपयोग के बारे विस्तृत जानकारी दी गई। महिलाओं की सुरक्षा व समस्या का त्वरित निस्तारण का आश्वासन भी दिया गया। महिलाओं / बालिकाओं को बताया गया कि बस/रास्तों/सार्वजनिक स्थल में मनचलों एवं शोहदों द्वारा छेडखानी की घटना होने पर डरने के बजाय तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1090 व थाना पर जाकर तत्काल एफ0आई0आर0 के लिए जागरुक किया गया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इन्स्टाग्राम आदि) का सावधानी से उपयोग करने एवं जागरुक करने हेतु संबंधित को आवश्यक आदेश एवं निदेर्शों के सम्बन्ध में जानकारी दी गई ।महिला एवं बालिकाओं को यातायात नियमों के बारे में अवगत कराया गया व स्वयं नियमें का पालन करते हुए अपने घर व आसपास के लोगों का भी जागरुक करने के लिए कहा गया ।

## संक्षिप्त डायरी

### बरवाला में गौचर भूमि पर अवैध कब्जा करने की कोशिश करने वालों पर कार्यवाही करने को लेकर एसडीएम, डीएसपी, नगरपालिका सचिव व एसएचओ को सौपी शिकायत

इससे पूर्व प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व जिला उपायुक्त को भी भेजी जा चुकी है शिकायत



संस्कार उजाला

**हरियाणा/हिसार (गरिमा) :** प्राचीन शिवपुरी शिवालय कमेटी बरवाला के पदाधिकारियों समेत बरवाला शहर के अनेक गणमान्य लोगों द्वारा खरकड़ा मार्ग पर स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय शिवपुरी वन बरवाला के पास गौचर भूमि पर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अवैध कब्जा करने की कौशिश और मौके से प्रयुक्त पीलर व तारे वगैरह को अपने कब्जे में लेने को लेकर एसडीएम, डीएसपी, नगरपालिका सचिव और थाना प्रभारी को शिकायत सौंपी गई है शिकायत सौपने वालों में शामिल प्रधान रतन सैनी, राजेश सैनी, संजय सिंगला, वीरेंद्र गुप्ता, महेंद्र सेतिया, राजकुमार सरदाना, अमन आहूजा, रतिराम व महेंद्र सैनी आदि ने बताया कि खरकड़ा रोड पर स्थित गौचर भूमि पर कई असामाजिक तत्वों राजू, हरि सिंह, राजेश, अक्षय, सद्दाम व अली मोहम्मद द्वारा चुनाव से 2 दिन पहले 3 अक्टूबर को पीलर व तारबंदी करके अवैध कब्जा करने की कोशिश की गई थी सूचना मिलने पर प्रशासन द्वारा अवैध कब्जा करने से रोक दिया गया था` फिर से इन अवैध कब्जाधारियों द्वारा अवैध कब्जा करने की कोशिश की गई` संभावना है कि इन व्यक्तियों द्वारा फिर से अवैध कब्जा किया जा सकता है जिससे सांप्रदायिक दंगे होने की आशंका है प्रशासन द्वारा मौके से ना तो पीलर और ना ही तारे वगैरह को अपने कब्जे में लिए गए है` इससे पूर्व इस मामले की शिकायत प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व जिला उपायुक्त को भी भेजी जा चुकी है` प्राचीन शिवपुरी शिवालय कमेटी बरवाला के इन पदाधिकारियों और गणमान्य लोगों ने प्रशासन से इन नामजद अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई किए जाने और मौके से पीलर और तारे वगैरह को अपने कब्जे में लेने की मांग की है ताकि अवैध कब्जाधारी गौचर भूमि पर अवैध रूप से कब्जा ना कर सके

### भीतरघात हार का मुख्य कारण-- रामनिवास घोड़ेला



संस्कार उजाला

**हरियाणा/ हिसार (गरिमा) :** हलका बरवाला के कांग्रेस प्रत्याशी व पूर्व विधायक रामनिवास घोड़ेला हाल ही में विधानसभा चुनाव हारने के बाद पहली बार बरवाला शहर में पहुंचे और नई कपास मंडी बरवाला में स्थित अपने कार्यालय में कांग्रेसी कार्यकताओं की बैठक ली इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व विधायक रामनिवास घोड़ेला ने विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के नेताओं द्वारा की गई भीतरघात को हार का मुख्य कारण बताया` विधानसभा चुनाव में 70 सीटे प्राप्त करने की उम्मीद लगाए बैठी कांग्रेस पार्टी इसी भीतरघात के चलते 37 सीटों पर सिमट कर रह गई जिसकी वजह से कांग्रेस पार्टी की सरकार नहीं बन पाई` हल्का बरवाला कांग्रेस पार्टी के एक पूर्व विधायक द्वारा खुले तौर पर एक विशेष जाति के प्रत्याशी को वोट देने बाबत कहा गया और कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी का विरोध किया गयो उन्होंने कहा कि इसी भीतरघात के चलते कई विधानसभा सीटों पर बराबर में उम्मीदवार खड़े करके कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी को हराने का काम किया गया` उन्होंने कहा कि एक सांसद द्वारा भी बरवाला में राहुल गांधी की हुई रैली में जुलूस निकाला गयो इसी सांसद ने कहा था कि राहुल गांधी की रैली में मेरी फोटो ना लगाने का बदला जनता लेगी` बरवाला में हुई राहुल गांधी की रैली में लगाए जाने वाले फोटो को जयपुर से आए सांसद को दिखाकर ही फोटो लगाएं गए थे इस अवसर पर कार्यालय सचिव सुनील मित्तल, मुकेश गर्ग, रामनिवास खोवाल, पूर्व पार्षद राजू घोड़ा, राजेश यादव, सुधीर रहेजा, सुरेन्द्र गोयल, कश्मीरी लाल वर्मा, रामस्वरूप मदान, पम्मी सरदार, राजेन्द्र कदावला, धर्मेंद्र बंजारा, सुनील सोनी, अमित वाल्मीकि व कृष्ण पाबड़ा समेत अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे

### EVM को लेकर क्या बोले नायब सैनी, पत्नी संग की मां कामाख्या की पूजा।



चंडीगढ़ हरियाणा के कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि हार होने के बाद ईवीएम में गड़बड़ी का दुखड़ा रोना कांग्रेस की पुरानी परंपरा है। हरियाणा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों की जीत और कांग्रेस के झूठ की हार हुई है। लोग समझ चुके हैं कि अब कांग्रेस का झूठ बिकने वाला नहीं है। अब तो मोदी की गारंटी है, जिस पर पूरे देश को विश्वास है। सीएम सैनी सोमवार को असम के गुवाहाटी स्थित मां कामाख्या देवी के मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले सीएम सैनी ने अपनी धर्मपत्नी सुमन सैनी के साथ मंदिर में मंत्रोच्चारण के बीच विधि-विधान ने पूजा-अर्चना की।उनके साथ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली और भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री फणींद्रनाथ शर्मा मौजूद रहे।पत्रकारों से बातचीत में नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है।

# किसानों को गुमराह कर सत्ता प्राप्त करने में जुटी कांग्रेस को हरियाणा की जनता ने दिया मुंह तोड़ जवाब : संजय भाटिया



**चंडीगढ़।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी ने ओथ सेरेमनी के लिए 16 अक्तोतूबर को आना ही था,अब कुछ घंटे पहले आ रहे हैं तो विपक्ष मिथ्या प्रचार में लगा है'यह शब्द करनाल के पूरे सांसद संजय भाटिया ने सोमवार को शपथ ग्रहण आयोजन स्थल पर कहे।भाटिया ने कहा कि किसानों को गुमराह कर सत्ता प्राप्त करने में जुटी कांग्रेस को किसानों व समस्त हरियाणा की जनता ने मुंह तोड़ जवाब दिया है।

संजय भाटिया ने कहा कि बिना पर्ची, बिना खर्ची के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के शासन के साढ़े 9 साल हरियाणा के स्वर्णिम काल रहे व उसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने 54 दिनों में जबरदस्त परफोर्मेंस दी।किसानों,कर्मचारियों सभी वर्गों के हितैषी नायब सैनी एक गरीब किसान परिवार से संबंधित ईमानदार व्यक्तित्व हैं।

भाटिया कांग्रेस के नेताओं खासकर भूपेंद्र हुड्डा व दीपेंद्र हुड्डा पर जम कर बरसे व कहा कि अपने शासन में कांग्रेस के जीजा जी का ध्यान रखने के लिए जमीनों का अधिग्रहण करने वाले भ्रष्टाचार से डूबे लोग अगर ईमानदार नायब पर उंगली उठाने का प्रयास करेंगे तो उनके कर्म सार्वजनिक होते समय नहीं लगेगा।आज यह लोग अदालतों से जमानत पर हैं, भ्रष्टाचार व सत्ता दुरुप्रयोग के आरोप इन पर हैं।

**पी एम समेत शामिल होंगे कईं नेता**

संजय भाटिया ने बताया कि पहले अधिकारिक रप से समय और तारीख की कोई पुष्टि नहीं हुई थी। अब हाईकमान की ओर से मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण के लिए 17 अक्टूबर की तारीख तय की गई है। शपथ ग्रहण का कार्यक्रम 17 अक्टूबर की सुबह 11 बजे पंचकूला में सेक्टर-5 के परेड ग्राउंड में होगा। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत पार्टी के वरिष्ठ नेता और बीजेपी शासित राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होंगे। इसके साथ ही हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं के अलावा आम जनता के नागरिक भी शामिल होंगे।

**मोदी को देखने के लिए कार्यकर्ताओं में बहुत उत्साह**

उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में बहुत उत्साह है कि वह इस शपथ ग्रहण समारोह को लाइव देख पाएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे, हर कोई उन्हें देखना चाहता है। इसीलिए कार्यकर्ताओं में इतना जोश है। चुनाव जीतने के लिए कार्यकर्ताओं ने बहुत मेहनत की है। उनका आना-जाना सही से हो और कार्यक्रम स्थल पर कार्यकर्ताओं के बैठने की व्यवस्था सही हो, इन सब कार्यों की चिंता के लिए पार्टी की ओर से हम लोग यहां मंत्रणा कर रहे हैं।

**कांग्रेस का घमंड ही उसे ले डूबा**

बीजेपी नेता संजय भाटिया ने बताया कि कांग्रेस की हार के पीछे उसका खुद का घमंड था। अपनी महत्वकांक्षा के चलते हुड्डा पिता-पुत्र में इतना अहंकार और घमंड आ गया था कि वह लोग आम जनता को भी चैलेंज करने लग गए थे। कांग्रेस के नेता अधिकारियों को भी धमकाने में लग गए थे कि हम आ रहे हैं, हमने लिस्ट बनानी शुरू कर दी है। कांग्रेस ने जातिवाद को लेकर भी जनता के बीच जहर घोलने का काम किया, लेकिन हरियाणा की प्यार करने वाली जनता ने उसे पूरी तरह से नकार दिया।

**बीजेपी ने दिया ईमानदारी का परिचय**

भाटिया ने बताया कि कांग्रेस के विपरीत भारतीय जनता पार्टी ने अपने पिछले 10 साल के शासन में जिस प्रकार ईमानदारी के साथ काम करते हुए बिना पर्ची-खर्ची के नौकरी दी। इस बार भी उन्होंने अपने संकल्प को दोहराते हुए तीसरी बार सत्ता में आने पर पूर्व की तरह से निष्पक्ष रूप से काम करने की बात कही। मुख्यमंत्री बनने के बाद नायब सैनी ने दिन-रात की परवाह किए बिना जनता के बीच उनके साथ जुडाव किया।

**शपथ ग्रहण से पहले जारी होंगे लेटर**

पूर्व सांसद संजय भाटिया ने बताया कि चुनाव प्रचार के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शपथ ग्रहण से पहले युवाओं को ज्वाइनिंग लेटर जारी करने की बात कही थी। इसी कड़ी में अब मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इस बारे में निर्देश दे दिए हैं। उनके शपथ ग्रहण से पहले हजारों युवाओं को उनकी नौकरी के नियुक्ति पत्र मिल जाएंगे।

**जल्द होगा संकल्प पत्र पर काम शुरू**

उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान बीजेपी की ओर से जारी किए गए संकल्प पत्र पर जल्द ही काम शुरू कर दिया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी की ओर से मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण लिए जाने के बाद से ही तुरंत उन सभी संकल्पों पर काम शुरू कर दिया जाएगा। जनता को भी महसूस होगा कि उन्होंने एक बार फिर से प्रदेश का समान रूप से बिना किसी भेदभाव के विकास करने वाली सरकार का चुनाव किया है।

## क्या हार के बाद भी हुड्डा बनेंगे नेता प्रतिपक्ष? सैलजा ने दिया ये जबाव

**रोहतक।** हरियाणा के विधानसभा चुनावों में हारने के बाद कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष रहे भूपेंद्र सिंह हुड्डा निशाने पर हैं। हुड्डा विरोधी गुट ने तो नतीजों के बाद पूरी ताकत के साथ आवाज बुलंद करनी शुरु कर दी है, जिसमें हुड्डा को ही विलेन करार दिया जा रहा है। नतीजों में भाजपा की जीत के बाद कांग्रेस में जबरदस्त अंतर्कलह शुरु हो गई है, जिसके तहत कुमारी सैलजा गुट के नेता लगातार हार का ठीकरा हुड्डा पर ही फोड़ रहे हैं। वहीं रविवार को कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा रोहतक की तिलक नगर कॉलोनी में पहुंचीं थी, जहां उन्होंने बातचीत करते हुए चुनाव में संगठन की कमी खलने की बात कही।

**नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने के सवाल पर सैलजा ने दिया जवाब**

साथ ही हुड्डा को फिर से नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने के सवाल पर भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व पर निर्भर करता है कि वह क्या फैसला लेते हैं। भाजपा को जिस तरह का बहुमत मिला है उसे हरियाणा प्रदेश में समान विकास के काम करते हुए जनहित के काम करने चाहिए। जो जनता के मुद्दे हैं उन पर काम होना चाहिए और जो समस्याएं पिछली सरकार के दौरान लोगों ने झेली है उनका समाधान मौजूदा सरकार को करना चाहिए।



दरअसल टिकट बंटवारे के बाद कुमारी सैलजा ने नाराज होकर चुनाव प्रचार से दूरी बना ली थी। ये मुद्दा भाजपा ने हाथों हाथ लपक लिया था और इसे दलित नेत्री के अपमान से जोड़कर भाजपा ने काफी हद तक दलित वोटरों को साध भी लिया। हालांकि काफी दिनों की नाराजगी के बाद कुमारी सैलजा मान तो गईं, मगर जिस तरह से हुड्डा खेमा सरकार बनाने की हुंकार भर रहा था, उस तरह से कुमारी सैलजा ने प्रचार में पूरी ताकत नहीं लगाई।

## फसल अवशेषों को जलाने वाले किसान सावधान, आप पर ऐसे रखी जा रही नजर...पकडे गए तो लगेगा भारी जुर्माना



**रोहतक।** फसल अवशेष प्रबंधन पर सैटेलाइट के माध्यम से आगजनी की घटनाओं पर पैनी नजर रखी जा रही है। यदि कोई किसान अपने खेतों में पराली में आग लगाता है तो तुरंत इसकी सूचना सैटेलाइट के माध्यम से अधिकारियों के पास पंहुच जाती है, जिस पर अधिकारी तुरंत खेतों में पंहुचकर कार्यवाही कर रहे हैं।

कुरूक्षेत्र के उपायुक्त राजेश जोगपाल ने कहा कि फसल अवशेष प्रबंधन पर नियुक्त किए गए अधिकारियों को आगजनी के मामलों पर कार्यवाही करने के सख्त दिशा-निर्देश दिए गए हैं ताकि पर्यावरण को दूषित होने से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि किसानों की भूमि की उपजाउ शक्ति नष्ट न हो, मित्र कीटों को नुकसान न पंहुचे, राजमार्गों पर होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सके तथा भविष्य में बच्चों व आमजन के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव न पंहुचे इसके लिए एनजीटी के दिशा-निर्देश जारी कर पराली में आग न लगाने बारे आदेश जारी कर दिए गए हैं।

उपायुक्त ने कहा कि किसानों को जागरूक करने एवं आगजनी की घटनाओं की मॉनिटरिंग हेतु सम्बंधि उपमंडल अधिकारी नागरिक की अध्यक्षता में उपमंडल वाईज टीम गठित की गई हैं, जिसमें तहसीलदार, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, उपमंडल अधिकारी पंचायती राज, सम्बंधित थाना प्रभारी एवं कृषि विभाग के अधिकारी शामिल हैं।

सभी 417 गांवों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिए गए हैं। सभी खंड स्तरों पर 4 सदस्यीय अधिकारियों की टीमों का गठन कर दिया गया है, जिसमें कृषि विभाग, पुलिस विभाग, पंचायत विभाग तथा कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारी शामिल किए गए हैं। उपायुक्त राजेश जोगपाल ने बताया कि यदि कोई किसान अपने खेतों में पराली में आग लगाता है तो उसकी सूचना सीधे राजस्व विभाग के माध्यम से पटवारियों को भेजकर उनके फार्म रिकार्ड में रैड एंट्री दर्ज करने बारे आदेश जारी कर दिए गए हैं।

# कड़ाके की ठंड के लिए तैयार हो जाएं हरियाणवी, मौसम विभाग ने दी चेतावनी

**चंडीगढ़।** हरियाणा में अब ठंड की शुरुआत शुरू हो गई है। धीरे-धीरे न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। शनिवार को हरियाणा का न्यूनतम तापमान हिसार में 17.1 डिग्री सेल्सियस रहा। जो सामान्य से 1.9 डिग्री सेल्सियस कम रहा। जिसकी वजह से रात के वक्त ठंड का अहसास होना शुरू हो गया है। इसके अलावा 4 जिले ऐसे रहे, जहां का न्यूनतम तापमान 17 डिग्री से कम रिकॉर्ड किया गया। इनमें करनाल, जींद, महेंद्रगढ़ और सोनीपत जिले शामिल हैं। इसके अलावा अधिकतम तापमान सिरसा में 36.5 डिग्री सेल्सियस रहा। जो सामान्य से 0.4 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा।

**हरियाणा में ठंड की शुरुआत**

मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में हरियाणा में मौसम शुष्क रहेगा। 15 अक्टूबर के बाद मौसम में थोड़ा बदलाव हो सकता है। पिछले 4-5 दिनों से तापमान घट रहा है, जिसके चलते लोगों को ठंड का अहसास हो रहा है। अधिकारिक तौर पर हरियाणा से मानसून की विदाई हो चुकी है। इस बार मानसून सीजन में सामान्य से 5 प्रतिशत बारिश कम हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक अब मौसम साफ ही रहने की उम्मीद है।

राज्य में मानसून का प्रदर्शन अब तक संतोषजनक रहा है। कुल मिलाकर अब तक 424.6 मिमी बारिश के मुकाबले 406.4 मिमी बारिश दर्ज की गई है। जो सामान्य से महज 4प्र. कम है। यानी बारिश का कोटा लगभग पूरा हो चुका है। दूसरी ओर अगर जिले के हिसाब से बारिश की स्थिति देखें तो 10 जिले ऐसे हैं, जिनमें 10 से 38त्न कम बारिश दर्ज की गई है। 12 जिलों में सामान्य से 10 से 71प्र. अधिक बारिश हुई है।

## ऐसे कार्यक्रम से देश के प्रति प्रेम और अधिक बढ़ता है : रमेश बैटरीवाला

संस्कार उजाला

**हरियाणा/ हिसार (गरिमा)** भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा बरवाला द्वारा राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता एवं गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन बरवाला के विशाल योग आश्रम में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की भूमिका बरवाला नगर पालिका के चैयरमैन रमेश बैटरीवाला, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य साधुराम जाखड़,बरवाला नगरपालिका उपचेयरमैन ताराचंद नलवा एवं पूर्व पार्षद मोनू संदूजा ने निभाई।कार्यक्रम में पहुंचने पर नगरपालिका चेयरमैन रमेश बैटरीवाला का प्रधान वीरभान मिड्ढा एवं संस्था के सदस्यों ने पटका पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में बरवाला के एवं नजदीक ग्राम में स्तिथ विद्यालय एवं कौशल प्रशिक्षण संस्थान के विद्यार्थियों ने अपनी गीत संगीत के



साथ अपनी प्रस्तुति दी। मुख्यातिथि रमेश बैटरीवाला ने सभी उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि आज का यह गौरवशाली पर जो हम देश के भविष्य प्यारे बच्चों के साथ मना रहे है ओर सभी बच्चे जितना अधिक देश के प्रति प्रेम रखेंगे उतना अधिक हमारा देश प्रगति करेगा और सभी संस्था के सदस्य कार्यक्रम के कुशल आयोजन हेतु बधाई के पात्र है।सभी




विद्यार्थियों को मुख्यातिथि साधुराम जाखड़ , नगरपालिका चेयरमैन , नगरपालिका उपचेयरमैन ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रथम स्थान राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नहर कोठी ने एवं संत सत्यानंद स्कूल ने प्राप्त किया, द्वितीय स्थान ए एम इंटरनेशनल एवं राजकीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान बरवाला ने प्राप्त किया,तृतीय स्थान गीता पब्लिक स्कूल ने प्राप्त किया और अंतिम चौथे स्थान पर सांत्वना पुरस्कार भारतीय विद्या मंदिर स्कूल ने प्राप्त किया।कार्यक्रम में मंच संचालन की भूमिका आशा चुघ एवं सुदेश चहल पूनिया ने निभाई। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चैयरमैन की भूमिका मास्टर सुदर्शन खुराना एवं लीला कृष्ण कथूरिया ने निभाई ।इस मौके पर निर्णायक मंडल के सदस्य हिन्दी प्रवक्ता एवं पूर्व जिला चुनाव आइकन एवं श्रेष्ठ महिला कर्मचारी हरियाणा सरकार के सम्मान से नवाजित सुमन सलूजा,हिमांशु,अर्चना भारद्वाज,विकास रत्न महेंद्र सेतिया,काकू पार्षद,रीमा रहेजा,नीलम सलूजा,गरिमा ,पार्षद रामपाल,मास्टर रामलाल मौर्य,शिव कौशिक,उमेश शर्मा,मास्टर सुरेश, मास्टर काशीराम, कमल हिंदूजा इत्यादि अनेकों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## रियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद दीपक बाबरिया ने की इस्तीफे की पेशकश-सूत्र



दिल्ली । विधानसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया ने इस्तीफे की पेशकश की है। इसके लिए दीपक बाबरिया ने राहुल गांधी से बात की। उन्होंने राहुल से कहा कि मेरी जगह किसी और को हरियाणा का प्रभारी नियुक्त किया जाए, मुझे इस पर कोई आपत्ति नहीं होगी। स्वास्थ्य कारणों के कारण अभी समय नहीं दे सकता। बाबरिया ने कहा कि चुनाव के बीच अचानक मेरी तबीयत खराब हुई। पहले भी मुझे ब्रेन स्ट्रोक आ चुका है। दोबारा कॉम्प्लिकेशन आए हैं। ब्रेन ने शरीर के दूसरे अंगों तक संपर्क करना बंद कर दिया था। न्यूरो से संबंधित समस्याएं थीं, जिसके कारण अस्पताल में भर्ती होना पड़ा।अब मेरा स्वास्थ्य पहले से ठीक है, लेकिन अब भी एक दिन तबीयत ठीक रहती है और दूसरे दिन वैसी ही हो जाती है। इन सब चीजों को ठीक होने में समय लगेगा।

# अमित शाह को बीजेपी ने क्यों बनाया हरियाणा का पर्यवेक्षक...


**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में हार की हैट्रिक लगाकर अगर कांग्रेस को इन दिनों देशभर में भारी फजीहत का सामना करना पड़ रहा है तो जीत की हैट्रिक लगाकर इतिहास रचने वाली भारतीय जनता पार्टी के सामने भी चुनौतियां कम नहीं है। ये चुनौती बाहर से नहीं बल्कि घर से ही मिल रही है, जिससे निपटने के लिए अब खुद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मैदान में उतर चुके हैं। जी हां, भाजपा के संसदीय बोर्ड ने शाह के साथ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को 16 अक्टूबर को हरियाणा में बीजेपी के विधायक दल की मीटिंग के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। यानी अमित शाह की मौजूदगी में भाजपा के विधायक अगले मुख्यमंत्री का चुनाव करेंगे।

सियासी हलकों में अमित शाह के बतौर पर्यवेक्षक हरियाणा आगमन ने उन बातों को और बल दे दिया, जिसकी चर्चा दबी जुबान में ही सही अब तक हो रही थी, क्योंकि अब तक वो दिल्ली से फरमान जारी करते थे जिसे भाजपा के अन्य नेता बतौर पर्यवेक्षक तमाम राज्यों के विधायक दल की मीटिंग में रखते थे। इसके बाद मुख्यमंत्री चुनाव होता था, ऐसे में सवाल उठता है कि जब अमित शाह खुद विधानसभा चुनाव से काफी पहले मौजूदा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पंचकूला की मीटिंग में पार्टी का सीएम चेहरा घोषित कर चुके थे। यानी जीतने की सूरत में नायब सैनी ही मुख्यमंत्री होंगे, तो फिर आखिर इतनी जद्दोजहद क्यों हो रही है?

दरअसल अमित शाह ने भले ही नायब सैनी को मुख्यमंत्री पद का चेहरा चुनाव पूर्व घोषित कर दियो हो लेकिन इसके बावजूद पार्टी के कुछ दिग्गज अपनी दावेदारी छोड़ने के मूड में नहीं हैं। इनमें सबसे बड़ा नाम है अहीरवाल बेल्ट के कद्दावर नेता और मोदी सरकार में मंत्री राव इंद्रजीत सिंह और पूर्व कैबिनेट मंत्री अनिल विज हरियाणा बीजेपी में ये दोनों कद्दावर नेता हैं। राव जहां 6 बार के सांसद और केंद्र में मंत्री हैं। वहीं गब्बर के नाम से मशहूर विज इस बार सातवीं जीत दर्ज कर विधानसभा पहुंचे हैं।

अनिल विज 2009 में हरियाणा बीजेपी के विधायक दल के नेता हुआ करते थे, लिहाजा 2014 में जब पहली बार भाजपा सत्ता में आई तो वो खुद को मुख्यमंत्री पद का सबसे प्रबल दावेदार मान रहे थे लेकिन बाजी पहली हार विधायक बनने वाली मनोहर लाल खट्टर ने मारी। विज ने तब भारी मन से हाईकमान के इस फैसले को मानते हुए खट्टर के नीचे काम करना स्वीकार किया, लेकिन इसी साल 12 मार्च को जब खट्टर को हटाकर नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाने का आलाकमान ने निर्णय लिया तो विज का धैर्य जवाब दे गया।

खट्टर के इस्तीफे के बाद हरियाणा निवास में विधायक दल की मीटिंग चल रही थी, जिसमें बतौर पर्यवेक्षक तत्कालीन केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा और पार्टी के महासचिव तरुण चुघ के साथ हरियाणा मामलों के प्रभारी विपल्ब देब भी मौजूद थे। बैठक में जैसे ही नायब सैनी का



नाम मुख्यमंत्री पद के लिए आगे लाया गया तो विज नाराज हो गए और ये नाराजगी इतनी बढ़ गई कि वो बैठक को बीच में ही छोड़कर अंबाला चले गए थे। इस पूरे प्रकरण से तब पार्टी की भारी किरकिरी हुई थी, इसके बाद काफी समय तक विज को मनाने और समझाने का दौर चला और फिर आखिरकार उनके तेवर नरम पड़े, लेकिन चुनाव आते ही उन्होंने एकबार फिर मुख्यमंत्री पद पर दावा ठोककर भाजपा के अंदर हलचल मचा दी। केंद्रीय नेताओं को तुरंत इस पर स्पष्टीकरण देने के लिए आगे आना पड़ा।

संस्कार उजाला

# विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप का अभिनंदन!

**गाजियाबाद महानगर में बनाया भगवान परशुराम द्वार एवं महर्षि कश्यप द्वार!!**





संस्कार उजाला

**गाजियाबाद ( आशा चौधरी)**

लोहिया नगर हिंदी भवन विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने कहा कि गाजियाबाद महानगर में भगवान परशुराम द्वार एवं महर्षि कश्यप द्वार का निर्माण कराया है जिससे ब्राह्मण समाज में खुशी की लहर दौड़ गई है आज इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप का आभार व्यक्त करते हैं इस अवसर पर नरेंद्र कश्यप ने कहा कि परशुराम जी ऋषि जमदग्नि के पुत्र थे और इन्हें भगवान विष्णु का आवशावतार माना जाता है। माता-पिता के द्वारा इन्हें राम नाम दिया गया था, परंतु भगवान शिव द्वारा इन्हें परशु नाम का अस्त्र मिला था और इसी कारण इनका नाम परशुराम प्रचलित हुआ। परशुराम जी के गुरु स्वयं भगवान शिव हैं। परशुराम जी बहुत बड़े शिव भक्त माने जाते हैं उन्हें भोलेनाथ की तरफ से कई वरदान भी मिले हैं। यह विष्णु भगवान के छठे अवतार होने के साथ साथ ह्लआवेशह्ल अवतार भी कहे गए हैं। संसार में जहाँ भी अन्याय और अत्याचार चरम पर पहुँचता है वहां परशुराम प्रकट हो कर अपना रौद्र रूप दिखाते हैं। इस अवसर पर ब्रह्म ऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने गाजियाबाद जनपद में भगवान परशुराम, महामना मदनमोहन मालवीय के नाम पर एक भवन बनाने की मांग की समस्त सभा ने तालियों की उच्च ध्वनि से समर्थन किया हिंदू धर्म के अनुसार, प्रारंभिक काल में ब्रह्मा जी ने समुद्र और धरती पर हर प्रकार के जीवों की उत्पत्ति की. इस काल में उन्होंने अपने कई मानस पुत्रों को भी जन्म दिया, जिनमें से एकमरीची थे. कश्यप ऋषि मरीची जी के विद्वान पुत्र थे. इनकी माता कला कर्दम ऋषि की बेटी व भगवान कपिल देव की बहन थीं. अपने श्रेष्ठ गुणों, प्रताप व तप के बल पर उनकी गिनती श्रेष्ठतम महान विभूतियों में होती थी.मान्यता है कि सृष्टि की रचना में कई ऋषि मुनियों ने अपना योगदान दिया. जब हम सृष्टि के विकास की बात करते हैं तो इसका अर्थ जीव, जन्तु या मानव की उत्पत्ति से होता है. पुराणों के अनुसार कश्यप ऋषि के वंशज ही सृष्टि के प्रसार में सहायक हुए. कश्यप जी की 17 पत्नियां थीं, जिनके वंश से सृष्टि का विकास हुआ. इस अवसर पर विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष कपिल वस्त विपिन कौशिक, कार्यकारी अध्यक्ष पंडित महेश कुमार शर्मा, शैलेंद्र शर्मा शालू महासचिव, डॉ सतीश भारद्वाज राष्ट्रीय प्रवक्ता, आचार्य योगेश दत्त गॉड सचिव, लोकेश कौशिक कोषाध्यक्ष, मनीष शर्मा महासचिव, रघुनंदन भारद्वाज महासचिव, सुभाष शर्मा महासचिव, ऋषि पाल शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, बृजपाल शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष,देवाशीष ओझा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अलोकचंद शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, आरसी शर्मा उपाध्यक्ष, कपिल पंडित उपाध्यक्ष, विजय कौशिक राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी, विनीत कुमार शर्मा उपाध्यक्ष, देवेंद्र शर्मा संगठन मंत्री, शिवकुमार शर्मा, सचिन भारतीय, राहुल शर्मा राष्ट्रीय संयोजक, सागर शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अंकित शर्मा जिला अध्यक्ष, सीमा भार्गव राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला शक्ति प्रकोष्ठ, अल्पना सागर शर्मा राष्ट्रीय प्रवक्ता महिला शक्ति प्रकोष्ठ, अशोक भारतीय राष्ट्रीय संयोजक, प्रीति चंद्र राय आदि मौजूद थे

## गाजियाबाद मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में "एक युद्ध नशे के विरुद्ध" कार्यक्रम व रैली के संबंध में क्रियान्वयन बैठक आहुत

**डॉ. देवेंद्र शर्मा अध्यक्ष (राज्य मंत्री स्तर) द्वारा 18 अक्टूबर 2024 को प्रात: 10:00 बजे किया जायेगा रैली का शुभारम्भ, अपराह्न 01 बजे होगी प्रेस वार्ता**







संस्कार उजाला

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**

दुर्गावती देवी सभागार विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में "एक युद्ध नशे के विरुद्ध" रैली के शुभारंभ के संबंध में क्रियान्वयन बैठक संपन्न हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि जनपद गाजियाबाद के "एक युद्ध नशे के विरुद्ध रैली" का शुभारंभ , उद्घाटन अध्यक्ष (राज्य मंत्री स्तर) उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा दिनांक 18-10-2024 को किया जाना प्रस्तावित है। उन्होने कहा कि उपरोक्त कार्यक्रम में कक्षा 9 तथा कक्षा 11 के बच्चों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों आशा, प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों, ए0एच0टी0यू0, एस0जे0पी0यू0 प्रभारी, अध्यक्ष एवं सदस्य बाल कल्याण समिति, एन0सी0सी0, एन0एस0एस0 स्काउट युवक मंगल दल, खिलाड़ी, नेहरू युवा केंद्र के बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि उपरोक्त सभी को प्रतिभाग कराने हेतु संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों एवं नोडल नामित कर उन्हें सूचित करने का कष्ट करायें। जिससे कि अधिक से अधिक बच्चों, प्रतिभागियों को रैली में शामिल कर, कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके। उक्त बैठक में बेसिक शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश यादव, पवन कुमार भाटी कार्यक्रम अधिकारी, पूनम बिश्नोई उप क्रीडा अधिकारी, वीरेंद्र कुमार वर्मा उप श्रमा आयुक्त आदि उपस्थित थे। बैठक के दौरान अवगत कराया गया कि कार्यक्रम के उपरान्त अपराह्न 01:00 बजे राज्यमंत्री द्वारा प्रेस वार्ता की जायेगी।

## समरकूल क्वाईल हीटर को मिला देश का पहला बीआईएस लाइसेंस सर्टिफिकेट



संस्कार उजाला

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**

सोमवार 14 अक्टूबर को वर्ल्ड स्टैंडर्ड डे के अवसर पर भारतीय मानक ब्यूरो की गाजियाबाद शाखा की ओर से साहिबाबाद में मानक महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए समरकूल होम एप्लायंसेज लिमिटेड के इलेक्ट्रिक क्वाईल हीटर को देश का पहला बीआईएस स्टैंडर्ड लाइसेंस सर्टिफिकेट कंपनी के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता को दिया गया। इस अवसर पर संजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि हम भारतीय मानक ब्यूरो से पिछले अनेकों वर्षों से जुड़े हुए हैं। तथा भारतीय मानक ब्यूरो के दिशा निर्देशन और सुझावों को अपनाते हुए समरकूल ने अपने उत्पादों की क्वालिटी निरंतर बेहतर की है। तथा समरकूल के इलेक्ट्रिक क्वाईल हीटर को भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा देश में पहला बीआईएस सर्टिफिकेट प्रदान करने के लिए संजीव कुमार गुप्ता ने समस्त टीम का धन्यवाद दिया।

## विशालकाय पुतलों के दहन के साथ रामलीला सम्पन्न (हर वर्ष मरने के बाद भी क्यों जिन्दा रहता है रावण?)



संस्कार उजाला

**गाजियाबाद।** श्री धार्मिक रामलीला समिति (पंजी) कविनगर के तत्वाधान में आयोजित रामलीला महोत्सव 2024 के अर्न्तगत आज के मंचन के साथ लीला सम्पन्न हुई। इस वर्ष रामलीला मंचन का 20-20 मैच सभी रामभक्तों के दिलों को छू गया। आज रामलीला मैदान रामभक्तों से खचाखच भरा हुआ था। पूरे परिसर में सिर्फ लोगों के सिर ही सिर दिखाई दिये। ज्यों ही भगवान श्री राम ने तीर चलाकर रावण का वध किया समस्त परिसर जय श्री राम के उद्घोष से गूंज उठा। रावण वध के पश्चात रामलीला मैदान में लगाये गये विशालकाय रावण, कुम्भकरण एवं मेघनाद के पुतलों के दहन के साथ जय श्री राम की गूँज चारों ओर सुनाई दी जिससे पूरा वातावरण राममयी हो गया। पुतलों का दहन गाजियाबाद के लोकप्रिय सांसद, स्थानीय विधायक, पुलिस आयुक्त एवं जिलाधिकारी द्वारा किया गया। भारी भीड़ को देखते हुए समिति के सदस्यों के अथक प्रयासों द्वारा व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने हेतु विशेष प्रबन्ध किये गये। सुरक्षा की दृष्टि से स्थापित सीसीटीवी कैमरों के अतिरिक्त भारी संख्या में पुलिस बल एवं समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य जी जान से जुटे हुए थे। व्यवस्थाओं को बनाने में सुरक्षा गार्डों एवं सिविल डिफेन्स के के कार्यकर्ता भी मैदान में मौजूद रहे। आज मुख्य अतिथियों में गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग, स्थानीय विधायक अजीत पाल त्यागी, पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्र, जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कल्पना सक्सेना, पुलिस उपायुक्त नगर राजेश कुमार एवम आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। समिति के अध्यक्ष ललित जायसवाल, महामंत्री भूपेन्द्र चोपड़ा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्री गुलशन बजाज, अजय जैन, गौरव चोपड़ा, आनन्द गर्ग, तरूण चौटानी,दिवाकर सिंघल नवेन्दु सक्सेना, अजय गुप्ता, राजबीर त्यागी, सुरेश महाजन, पवन गुप्ता, अवनीश गर्ग, विवेक मित्तल, बलदेव राज शर्मा, मुकेश सिंघल, अजय अग्रवाल एवं राजेश गर्ग सहित अनेकों पदाधिकारी उपस्थित रहे। भूपेन्द्र चोपड़ा महामंत्री

## गाजियाबाद मैट्रो स्टेशनों के सम्बंध में जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वयन बैठक आहुत







संस्कार उजाला

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**

जनपद गाजियाबाद में मैट्रो स्टेशनों के सम्बंध में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वयन बैठक आहुत हुई। बैठक के दौरान मैट्रो स्टेशनों के आसपास आने वाली समस्याओं के बारे में जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। जिसमें मुख्यत चारों विभागों नगर निगम, पुलिस विभाग, पीडब्लूडी व समाज कल्याण विभाग से सम्बंधित समस्यायें थी। जिलाधिकारी को क्रमानुसार सभी समस्याओं से अवगत कराया गया। सम्बंधित विभागाधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि अधिकांश शिकायतों का निस्तारण जा चुका हैं। मैट्रो स्टेशनों के बाहर वाहनों के खड़े होने से लगने वाले जाम को लेकर जिलाधिकारी द्वारा पुलिस विभाग को बेहतर यातायात प्लानिंग करते हुए कार्य कर, जाम हटाने के स्थायी समाधान हेतु निर्देशित किया गया। पीडब्लूडी अधिकारी ने अवगत कराया कि उनके द्वारा सभी समस्याओं का निराकरण करा दिया गया है और कुछ पर कार्य प्रगति पर है। नगर निगम से सम्बंधित शिकायतों का लगातार निराकरण किया जा रहा है लेकिन कुछ समय बाद समस्या फिर हो जाती है। जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि सफाई से सम्बंधित शिकायतों का स्थायी समाधान निकाला जाएं। जहां लोगों द्वारा कुड़ा किया जा रहा है या जहां लोगों द्वारा मूत्र त्याग किया जा रहा है वहां सौन्दर्यकरण करते हुए ऐसा कार्य किया जाये कि वहां किसी भी प्रकार की गंदगी ना हो सके और उक्त की देखरेख मैट्रो वाले अपने आप करेंगे, मैट्रो से आये अधिकारियों द्वारा उक्त सभी कार्यों पर सहमति जताई गयी। बैठक में जनपद के सभी मट्रों स्टेशनों की निगरानी करने वाले सभी अधकारीगण व समस्याओं के निराकरण से सम्बंधित सभी अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# गाजियाबाद की सिविल सोसाइटी द्वारा जनता की तीसरी आँख और देश के 4 स्तम्भ यानि मीडिया का सम्मान किया गया

**मीडिया से अनुरोध की इजराइल की तरह प्रथम पृष्ठ पर केवल सकारात्मक खबरे और उपलब्धियों को छापे 14 अक्टूबर 2024 ,उडुपी रेस्टोरेंट , नवयुग मार्केट**

संस्कार उजाला

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**

आज यहाँ सांकेतिक स्तर पर मीडिया कर्मियों के सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया ` सिविल सोसाइटी ऑफ गाजियाबाद यानी फ्लैट ऑनर्स फेडरेशन,कोरवा यू पी,आर डब्लू ए फेडरेशन,लाइन पार आर डब्लू ए फेडरेशन` आर डब्लू ए फेडरेशन होरीजेंटल सोसाइटी का नेत्रत्व करती है , फ्लेट ओनर फेडरेशन गाजियाबाद की बहुमंजली इमारतों की सोसाइटियों का प्रतिनिधित्व करती है , कॉफडरेशन ऑफ आर डब्लू ए झ उत्तर प्रदेश ( कोरवा झयूपी ) पूरी उत्तर प्रदेश के आर डब्लू का नेत्रत्व करती है। गाजियाबाद सिविल सोसाइटी के मुखिया कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी ने कहा की जैसे एक सिपाही 24 घंटे की ड्यूटी पर रहता है ऐसे ही मीडिया कर्मी भी 24 घंटे की ड्यूटी पर ही रहता हैं पता नहीं कब वकील हड़ताल घोषित कर दें , पता नहीं कब हाइवे पर दुर्घटना हो जाए , पता नहीं कब जनप्रतिनिधि निरीक्षण पर आ जाए यानि कभी भी कोई भी घटना घट सकती है और उसे तुरंत कवर भी करना पड़ता हैं कर्नल त्यागी ने कहा की तलवार से ज्यादा ताकतवर है कलम` मीडिया जो सब पर नजर रखता है उसे जनता की तीसरी आँख कहना कुछ गलत नहीं होगा` देश के लोकतंत्र मे मीडिया पहले ही अपने आपको चौथे स्तम्भ के रूप मे स्थापित कर चुका है` इसलिए आज हम मीडिया का सम्मान कर रहे है । ड ।



आर के आर्या और राज कुमार त्यागी ने कहा की आज का कार्यक्रम सांकेतिक स्तर पर मीडिया कर्मियों का सम्मान करने क । है` जैसे जो व्यक्ति अपनी सोसाइटी मे अच्छा काम करता है उसे आर डब्लू ए के द्वारा सम्मानित किया जाता है` ऐसे ही पूरे शहर को सम्पूर्ण जानकारी देने वाले मीडिया कर्मियों का भी सम्मान किया जाना चाहिए । कॉफडरेशन ऑफ आर डब्लू ए फेडरेशन — उत्तर प्रदेश ( कोरवा झ यूपी ) के अध्यक्ष डा पवन कौशिक ने कहा की गाजियाबाद उत्तर प्रदेश के लिए प्रवेश द्वार है और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए प्रगति का प्रतीक हैं और यहाँ का मीडिया भी उत्तर प्रदेश के अन्य जिला से अधिक जागरूक है । एक तरह से लीडर है। यदि कोई शुरूआत यहाँ से होती है तो उसका अनुसरण अवश्य होगा उन्होंने कहा की क्यों न एक नया चलन शुरू करे और अखबारों के प्रथम प्रष्ट पर इजराइल की तरह केवल सकारात्मक खबरे और उपलब्धियों को प्रकाशित करें` गुलमेर सिंह सिद्धू , मंगल सेन , सुभाष कुमार और नेम पाल चौधरी भी सम्मान कार्यक्रम मे उपस्थित थें इस अवसर पर नरेश सिंघानिया ,नितिन , तेजस चौहान , अशोक शर्मा , अजय रावत , विशाल रावत , सुनील शर्मा , अशोक कौशिक , पंकज सिंह , सूरज , अनिल बराल , आशा चौधरी , संदीप तिवारी , दीपक भाटी , अशोक ओझा , शोभित सहित अन्य मीडिया कर्मियों को पटका पहनाकर और उपहार देकर सम्मानित किया गया । सिपाही की तरह काम करने वाले गुलमोहर सोसाइटी , राकेश मार्ग के निवासी गौरव बंसल को आज मीडिया प्रभारी के पद से नवाजा गया और सैनिक की टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया ।

## संक्षिप्त डायरी

## गाजियाबाद अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा 26 व 27 को होगा ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन

**योग्य जीवन साथी पाकर सफल अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा अग्रसेन भवन में करेगी आयोजन**



संस्कार उजाला

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**

जे के गौड़ ने बताया कि सम्मेलन के लिए अभी तक 350 से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं: जे के गौड़ अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा गाजियाबाद के 26वें ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 26 व 27 अक्टूबर को अग्रसेन भवन लोहिया नगर में होगा। सम्मेलन को लेकर युवाओं व उनके परिजनों में बहुत ही उत्साह है। सम्मेलन के मुख्य संयोजक पं. जे. के. गौड़ ने बताया कि सम्मेलन के लिए सभी तक 350 से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं। अग्रसेन भवन लोहिया नगर के सामने मुख्य पंजीकरण कार्यालय में पंजीकरण 20 अक्टूबर तक होंगे। उनका पूर्ण विवरण ब्राह्मण गौरव पत्रिका में प्रकाशित किया जायेगा। पत्रिका 27 अक्टूबर को समापन समारोह के उपरान्नरा वितरित की जाएगी। पं. जे. के. गौड़ ने बताया कि अभी तक 250 युवक एवं 102 युवतियों के पंजीकरण हो चुके हैं। पंजीकरण 20 अक्टूबर तक होंगे और 500 से अधिक पंजीकरण हो जाएंगे। अभी तक जो 25 परिचय सम्मेलन हुए हैं,दाम्पत्य जीवन जी रहे हैं। यही कारण है कि आज अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा गाजियाबाद की ख्याति देश ही नहीं विदेश तक में फैल चुकी है और विदेशी युवा भी इसमें रूचि दिखा रहे हैं। संस्था के जिलाध्यक्ष पं. जयनंद शर्मा व पं. सुभाष शर्मा ने बताया कि 26 अक्टूबर को प्रात: 8:30 बजे हवन होगा व 10 बजे परिचय सम्मेलन का उदघाटन होगा। परिचय सम्मलेन का उदघाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष करेगे। सांसद पं. सत्यपाल ब्रह्मचारी, नेता कांग्रेस विधायक मंडल दल आराधना मिश्रा, प्रदेश अध्यक्ष पीताम्बर शर्मा व पूर्व मंत्री सतीश शर्मा विशिष्ट अतिथि होंगे। अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष . सुभाषचन्द्र शर्मा करेंगे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री पं सुनील शर्मा, विशिष्ट अतिथि एमलससी . श्रीचन्द्र शर्मा होंगे व अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जयनन्द शर्मा करेंगे। आदेश शर्मा ने बताया कि बाहर से आने वाले युवक- युवतियों एवं उनके परिजनों के रहने की व्यवस्था आयोजन समिति द्वारा की जाएगी। उन्होंने समाज के युवाओं से अपील की कि वे 20 अक्टूबर तक पंजीकरण कराले ताकि ब्राह्मण गौरव पत्रिका में उनका पूर्ण विवरण प्रकाशित किया जा सके। प्रेस वार्ता में पं. रमा कांत शर्मा, पं. विजय भारद्वाज, संदीप शर्मा, हरिओम शर्मा, . आशुतोष शर्मा, हिमांशु भारद्वाज, . धीरज भार्गव, . सुभाष शर्मा, डी डी शर्मा, . हरिओम शर्मा, अशोक शर्मा, विष्णु शर्मा, डॉ संजीव शर्मा.आर के शर्मा, नरेंद्र शर्मा अमित भारद्वाज आदि मौजूद रहे

## गाजियाबाद पुलिस यति को गिरफ्तार नहीं कर पा रही है तो उस पर इनाम घोषित करे सत्यपाल चौधरी



संस्कार उजाला

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**

नफरत गैंग के सरगना यति नर्सिंगआनंद को की पुलिस यदि गिरफ्तार नहीं कर पा रही है तो उस पर इनाम घोषित करे. पुलिस के झूठ और पक्षपात पूर्ण रवइये के चलते शहर नफरत की आग में झूलस रहा है. एक मिडिया ब्यान में आजाद समाज पार्टी के उप चुनाव प्रत्याशी सत्यपाल चौधरी ने यह बात कही. उन्होंने कहा कि एक तरफ पुलिस नफरत, दंगा और हिंसा फैलाने वाले यति के बारे में कह रही है कि उसे नहीं पता कि यति कहाँ है और दूसरी तरफ यति ब्यान जारी करके कह रहा है कि वह पुलिस ने नजरबंद किया हुआ है और पुलिस उसके साथ गलत व्यवहार कर रही है. अब पुलिस झूठी है या यति यह जाँच का विषय है लेकिन पुलिस जिस तरह नफरती यति के मौहम्मद प्रॉफिट साहब की शान में की गई गुस्ताखी पर आक्रोषित लोगों को ढूंढ ढूंढ कर गिरफ्तार कर रही है और मामूली झगड़े में बाल्मीकि समाज के कपिल बेदी पर इनाम घोषित कर देती है वैसे ही यति पर भी इनाम क्यों नहीं घोषित कर देती. पुलिस कहीं झूठ बोल कर खुद ही नफरत फैलाने वालों को बचाकर माहौल तो खराब नहीं कर रही है. सब्र का बांध टूटता जा रहा है, चौधरी ने कहा कि यदि यति गिरफ्तार नहीं हुआ तो अमन पसंद लोग लोकतान्त्रिक तरीके से विरोध में सड़क पर उतरेंगे.9212652490

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक राजकुमार शर्मा ने वैकुंठ मीडिया प्राइवेट लिमिटेड सी -285, सेक्टर-11, विजय नगर, गाजियाबाद से छपवाकर कार्यालय 178 राहुल विहार विजय नगर,गाजियाबाद से प्रकाशित किया है। किसी खबर या लेख से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
सभी विवादों का निस्तारण जिला न्यायालय गाजियाबाद में होगा। प्रबंध संपादक-महेश कुमार - 9911733939, कानूनी सलाह- नरेंद्र सिंह रणोत एडवोकेट, सलाहकार कुशल सिंह, RNI No-UPHIN/2013/50466, Editor R.K. Sharma : 09456278011